हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 15 अक्टूबर 2025
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]



## वार्डों में होगा विद्युत व्यवस्था दुरूस्तीकरण

# दीपावली से पहले शहर में लगेगी ढाई सौ से अधिक एलईडी लाइट

## पर्व से पहले रोशन होंगे शहर के वार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वार्डों के कई क्षेत्रों में व्याप्त अंधेरा को ध्यान में रखकर अंधेरा एवं दुर्घटनाजन्य क्षेत्र जहां पर लाईट नहीं लगी थी। जिससे नागरिकों को रात में आने-जाने के साथ-साथ सुरक्षा की दृष्टि से भी परेशानी होती थी तथा विद्युत पोलो की बंद लाईटे नगर निगम द्वारा नए लाईट लगाने तथा बदलने की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही लाईटो का मरम्मत भी किया जा रहा है। इस प्रकार नगर निगम नागरिकों को उनकी सुरक्षा को दृष्टिगत रख दीपवली पर्व पर रोशनी का उपहार दे रही है।

महापौर मधुसूदन यादव एवं नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा की पहल पर दीपावली के पूर्व वार्डों की खराब लाईटे एवं नगर निगम सीमाक्षेत्र के अंधेरा क्षेत्र जहां पर लाईट नहीं लगी थी, इसके अलावा दुर्घटनजन्य क्षेत्र जहां पर लाईट की आवश्यकता थी, वहां लाईट लगाने की कार्रवाई की जा रही है। अब तक 27 वार्डों में 250 से अधिक आवश्यकता अनुसार 45 एवं 60 वॉट के एलईडी लाईट लगाई गई है तथा शेष वार्डों में लगाने की कार्रवाई की जा रही है तथा खराब लाईटे मरम्मत भी की जा रही है। इस संबंध में महापौर यादव एवं आयुक्त विश्वकर्मा ने कहा कि शहर के वार्डों के विद्युत खंबों में वार्डवासियों के लिए आवश्यकतानुसार लाईट लगाई जाती है। समय-समय पर उसे मरम्मत भी किया जाता है।



### पार्षद निधि से लाइट खरीदने की अनुमति

महापौर यादव की पहल पर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा महापौर एवं पार्षद निधि की 25 प्रतिशत राशि से लाईट खरीदने की अनुमति मिल चुकी है। जिसके आधार पर पार्षदों की मांग अनुसार लाईट खरीदने की कार्रवाई की जा रही है। निधि से लाईट खरीदने अनुमति मिल जाने से वार्ड में अंधेरे से छुटकारा मिलेगा। इस दीपावली शहर के सभी क्षेत्रों में लाईट की पर्याप्त व्यवस्था हो, इसकी तैयारी निगम द्वारा की जा रही है।

### सर्वे के बाद किया चयन

आगामी दीपावली त्योहार को देखते हुए वार्डों एवं शहर के कुछ क्षेत्र जहां पर लाईट नहीं लगी थी। जिससे अंधेरा व्याप्त था, इनमें कई ऐसे क्षेत्र हैं, जो दुर्घटनाजन्य क्षेत्र है, जहां अंधेरा के कारण दुर्घटना की भी संभावना बनी रहती है, जहां निगम के विद्युत विभाग की टीम द्वारा सर्वे कर चिन्हांकित किया गया और सर्वे अनुसार 27 वार्डों में 10-10 लाईट के हिसाब से 250 से अधिक लाईटे लगाई जा चुकी है एवं शेष वार्ड में लाईट लगाई जा रही है। जिससे दीपावली त्योहार के पूर्व जिस क्षेत्र में अंधेरा व्याप्त है, वहां रोशनी से जगमगा उठे।

# आज दोपहर से शहर के भीतर भारी मध्यम वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित


## यातायात पुलिस ने जारी की एडवाईजरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्टेट स्कूल मैदान में मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष एवं अन्य मंत्रीगण का आगमन एवं पार्श्व गायक कैलाश खेर का सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तावित है। कार्यक्रम को देखने शहर एवं आसपास ग्रामीण क्षेत्रों से अत्याधिक संख्या में लोगों के आने की संभावना है। जिसको देखते हुए कार्यक्रम के दौरान शहर के भीतर भारी वाहनों एवं मध्यम वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है।

पुलिस के अनुसार आम जनता को यातायात के संबंध में किसी प्रकार की असुविधा न हो इसे दृष्टिगत रखते हुए सुगम यातायात संचालन हेतु यातायात पुलिस राजनांदगांव द्वारा जारी ट्रैफिक एडवाइजरी के अनुसार 15 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे से उक्त कार्यक्रम के समापन तक शहर के भीतर भारी एवं मध्यम वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। पार्किंग के लिए स्थान निर्धारित। वहीं बालोद की ओर से आने वाले भारी वाहनों को मोहारा बायपास से, खैरागढ़ की ओर से आने वाले भारी वाहनों को गठुला से एवं राष्ट्रीय राजमार्ग-53 से होकर गुजरने वाले भारी वाहनों को ट्रांसपोर्ट नगर एवं सीआईटी बायपास से डायवर्सन कर भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। गेट नंबर 1 बल्देवबाग सबेरा संकेत कार्यालय के सामने स्टेट स्कूल गेट व्हीआईपी पासधारी दर्शको का प्रवेश होगा।

नका पार्किंग सबेरा संकेत कार्यालय के पास एवं महारानी स्कूल मैदान में होगा। गेट नंबर 2 खैरागढ़ रोड से फैमिली पासधारी दर्शकों का प्रवेश रहेगा। इनका पार्किंग दिग्विजय क्लब एवं नगर निगम कार्यालय में रहेगा। गेट नंबर 3 लॉ कॉलेज के बाजू स्टेट स्कूल प्रवेश द्वार से केवल व्हीव्हीआईपी एवं मेम्बर फैमिली पास वाहनों का प्रवेश होगा। इनका पार्किंग स्टेट स्कूल मंच के पीछे रहेगा। गेट नंबर 4 लॉ कॉलेज के बाजू तहसील जाने वाली रोड गोल्डन पासधारी एवं मेम्बर फैमिली पास वाहनों का प्रवेश होगा। इनका पार्किंग स्थल तहसील कार्यालय परिसर रहेगा। इसके अतिरिक्त जनरल पार्किंग हेतु नया बस स्टैण्ड, एबीस पार्किंग बलदेवबाग, फ्लाई ओव्हर के नीचे, महाराणा प्रताप गार्डन नया बस स्टैंड के पास, म्युनिसिपल स्कूल मैदान, पुत्री शाला पार्किंग, म्युनिसिपल स्कूल के पीछे पार्किंग स्थल रहेगा। यहां अपने वाहन पार्किंग कर कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं।



### चिखली मार्ग रहेगा बंद

शहर में खैरागढ़ की ओर से आने वाली चारपहिया वाहनों का प्रवेश देशमुख होटल चिखली से बंद रहेगा। अगर शहर की ओर आना चाहते हैं तो पुराना ढाबा, मोतीपुर की ओर से होकर शहर की ओर आ सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### शांति भंग करने के दो आरोपी पकड़ाए

**राजनांदगांव।** आमजन एवं गवाहों से लड़ाई-झगड़ा करने पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्वाई की है। पुलिस के अनुसार आगामी दीपावली त्योहार को मद्देनजर रखते हुए क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु चलाए जा रहे सतत अभियान के तहत चौकी चिखली में प्राप्त शिकायत आवेदन पत्रों एवं पूर्व में कायम अपराध के आधार पर 14 अक्टूबर को आमजन एवं गवाहों के साथ लड़ाई-झगड़ा कर शांति भंग करने एवं संज्ञेय अपराध घटित होने की पूर्ण संभावना पर नरेन्द्र यादव 20 साल गौरीनगर, नंदू उर्फ रसीद 40 साल अचानक नगर गौरीनगर को गिरफ्तार कर पृथक-पृथक से धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर न्यायालय राजनांदगांव में पेश किया गया।

### छात्रों को दी रोजगारोन्मुखी कोर्स की जानकारी

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन ने हेल्थ केयर प्रशिक्षण संस्था की जानकारी देने कार्यशाला का आयोजन किया। मुख्य वक्ता हेल्थ केयर प्रशिक्षण केंद्र रायपुर के प्रदीप सिन्हा थे।

श्री सिन्हा ने बताया कि हेल्थ केयर प्रशिक्षण केंद्र रायपुर में हेल्थ केयर जनरल ड्यूटी का 45 दिन का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके अलावा आटोमोबाइल, होटल मैनेजमेंट, ब्यूटी पार्लर, प्लंबिंग, वेल्डिंग तथा डीडब्ल्यूडीसी जैसे विविध रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण निः शुल्क दिया जाता है। कार्यशाला में लगभग 35 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। संचालन एवं आभार प्रदर्शन अनिमा मिंज ने किया।

### पेंशनर्स आज निकालेंगे मशाल जुलूस

**राजनांदगांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ प्रदेश पंजीयन क्रमांक 1844 द्वारा कल 15 अक्टूबर को 11 बजे अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर मशाल जुलूस निकाला जाएगा। मशाल जुलूस पेंशनर्स भवन ठाकुर प्यारेलाल स्कूल परिसर से प्रस्थान कर जिला कलेक्टर कार्यालय राजनांदगांव में पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेगा।

विदित हो कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पेंशनरों के हक और अधिकार की उपेक्षा की जा रही है। प्रदेश के अधिकारी-अधिकारियों को केंद्र के समान दैनिक महंगाई भत्ता प्रदान कर दिया गया है, किंतु पेंशनरों को अभी तक इसका लाभ नहीं दिया गया। इससे प्रदेश के लाखों पेंशनरों में भारी असंतोष व्याप्त है। पेंशनर्स को भी दीपावली के पूर्व शासन को शीघ्र दो प्रतिशत डीए की घोषणा करने कलेक्टर को ज्ञापन दिया जाएगा।

### डॉ. डाकेश्वर को मिला पेटेंट

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के रसायन शास्त्र विभाग प्राध्यापक एवं विश्व के शीर्ष 2 वैज्ञानिकों की सूची में शामिल डॉ. डाकेश्वर वर्मा को मधुमेह डायबिटीज की रोकथाम के लिए औषधीय पौधों से निर्मित हर्बल उत्पाद के लिए भारत सरकार से पेटेंट प्राप्त हुआ है। यह उनका अब तक का चौथा पेटेंट था। यह उपलब्धि न केवल महाविद्यालय के लिए, बल्कि संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य के लिए गौरव का विषय है।

डॉ. वर्मा एवं समूह द्वारा विकसित यह हर्बल उत्पाद पूर्णतः प्राकृतिक औषधीय पौधों के अर्क से तैयार किया गया है, जो रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में सहायक सिद्ध हुआ है। इस शोध में स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पारंपरिक औषधीय पौधों का वैज्ञानिक उपयोग किया गया है। जिससे ग्रामीण और जनजातीय समुदायों के पारंपरिक ज्ञान को भी नया वैज्ञानिक आयाम मिला है। महाविद्यालय परिवार ने डॉ. वर्मा को इस उपलब्धि पर बधाई दी है। प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने कहा कि यह सफलता संस्थान के अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में अग्रणी योगदान को दर्शाती है।

### गौ मांस पकाते दो पकड़ाए

**राजनांदगांव।** डोंगरगढ़ क्षेत्र में गौ मांस पकाने संबंधी मामले को लेकर हिन्दू संगठन के लोगों ने दो युवकों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया है।

प्राप्त जानकारी अनुसार डोंगरगढ़ क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के पास पार्किंग क्षेत्र में आरोपी गौ मांस पका रहे थे, जिसकी जानकारी बजरंग दल के लोगों को हुई, जिस पर कार्यकर्ताओं ने दोनों आरोपी युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले किया है। इधर पुलिस सूत्रों के अनुसार दोनों आरोपियों पर प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। मामले की जांच पड़ताल एवं पूछताछ की जा रही है।

# छुईखदान में प्रशासनिक अनुशासन पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

नगर में पदस्थ सरकारी अधिकारी और कर्मचारियों की कार्यशैली को लेकर नागरिकों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। जानकारी के अनुसार कई विभागों में अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित समय पर कार्यालय नहीं पहुंचते और अपनी सुविधा अनुसार जल्दी लौट जाते हैं। इससे आम लोगों के कामकाज पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

भाजपा के युवा नेता संदीप कुमार महोबिया ने बताया कि वे शीघ्र ही अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपेंगे। ज्ञापन में यह मांग की जाएगी कि छुईखदान क्षेत्र के सभी अधिकारी-कर्मचारी समय का सख्ती से पालन करें और अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें।

श्री महोबिया ने कहा कि कई विभागों में अधिकारी-कर्मचारी मनमर्जी से देर से आते हैं और जल्दी चले जाते हैं, जिससे जनता को प्रमाणपत्र, फाइल पास कराने और अन्य प्रशासनिक कार्यों में भारी परेशानी होती है। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि यदि अधिकारी समय पर कार्यालय पहुंचे और जिम्मेदारी से काम करें, तो सरकारी कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और गति दोनों बढ़ेगी।

## 17 तक मनेगा जागरूकता सप्ताह

**राजनांदगांव।** आईएनसी की अधिसूचना के अनुसार 13 से 17 अक्टूबर तक राष्ट्रव्यापी कार्डियो-पल्मोनरी रिससिटेशन सीपीआर जागरूकता सप्ताह मनाया जाएगा। 13 अक्टूबर को रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग टेड़ेसरा राजनांदगांव की प्राचार्य डॉ. अरूणा पी. मसीह एवं उप. प्राचार्य कमल किशोर देशमुख एवं शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। जिसमें सभी ने एक जिम्मेदार और तैयार नागरिक बनने और किसी भी आपात स्थिति में जान बचाने तैयार रहने की शपथ ली। कार्यक्रम में सीपीआर तकनीक का प्रदर्शन भी किया गया और छात्रों के साथ व्यवहारिक तौर पर प्रशिक्षण भी दिया गया।



# डिप्टी कलेक्टर की कुर्सी पर बैठी तनिशा, बच्चों को मिली नई प्रेरणा



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राज्यपाल गोद ग्राम सोनपुरी स्थित शासकीय प्राथमिक शाला के बच्चों का शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस शैक्षणिक यात्रा में विद्यार्थियों ने कई महत्वपूर्ण संस्थानों का दौरा किया और विभिन्न विषयों की जानकारी प्राप्त की। भ्रमण की शुरुआत छुईखदान की बुनकर सोसायटी से हुई, जहां बच्चों ने हथकरघा व बुनाई की प्रक्रिया को नज़दीक से देखा और समझा। इसके बाद कृषि महाविद्यालय छुईखदान में छात्रों ने आधुनिक कृषि तकनीकों, बीजों और फसलों के बारे में उपयोगी जानकारियाँ प्राप्त की।

खैरागढ़ स्थित कलेक्टर कार्यालय में जब बच्चों ने प्रशासनिक कार्यों की झलक देखी तो उनमें उत्साह और जिज्ञासा देखने लायक थी। डिप्टी कलेक्टर सुमन राज ने बच्ची तनिशा वर्मा को अपनी कुर्सी पर बिठाकर बच्चों को प्रेरित किया और बताया कि इस कुर्सी तक पहुंचने के लिए उन्हें कितनी लगन और मेहनत से पढ़ाई करनी होगी। यह पल सभी बच्चों के लिए बेहद प्रेरणादायक रहा।

इसके पश्चात बच्चों ने इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में भारतीय कला, संगीत व नृत्य की विविधताओं को देखा और जाना। वहीं एस्ट्रो नामी लैब खैरागढ़ में विज्ञान और तकनीकी उपकरणों से परिचय कराते हुए उन्हें खगोलशास्त्र की बुनियादी जानकारी दी गई। इस पूरे भ्रमण कार्यक्रम का संचालन बीईओ नीलम राजपूत के मार्गदर्शन तथा बीआरसी सुजीत सिंह चौहान के नेतृत्व में हुआ।

# आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या इंसानों के लिए है खतरा

**गंडई पंडरिया।** गंडई क्षेत्र में लावारिस कुत्तों की संख्या में अनियंत्रित वृद्धि ने गंभीर चिंता पैदा कर दी है। कुत्तों को मारने पर प्रतिबंध लगने के बाद, हर साल इनकी संख्या तेजी से बढ़ रही है, जिसके परिणामस्वरूप अब यह आवारा कुत्ते झुंड बनाकर क्षेत्र में विचरण कर रहे हैं।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि कुत्तों के ये झुंड बच्चों और बुजुर्गों के लिए जानलेवा साबित हो सकते हैं। पूर्व में भी गंडई में कुत्तों के काटने की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिनमें मासूम बच्चों और बछड़ों सहित अन्यों को कुत्तों ने काटा था। इतना ही नहीं रात के समय ये कुत्ते बाइक चालकों पर भी अचानक हमला कर देते हैं, जिससे गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। विशेषज्ञों का मानना है कि कुत्तों की बढ़ती संख्या और खाने के अभाव के चलते ये अब झुंड बनाकर शिकार करने की कला सीख रहे हैं, जो उनकी आक्रामकता को और बढ़ा रही है। इस स्थिति के कारण इंसानों और मवेशियों में रेबीज जैसी खतरनाक बीमारी फैलने का खतरा लगातार बढ़ रहा है। इस गंभीर समस्या पर अंकुश लगाने के लिए स्थानीय लोगों ने पशु चिकित्सा विभाग और नगर पंचायत से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। निवासियों की मुख्य मांग है कि कुत्तों की संख्या पर नियंत्रण के लिए नगर पंचायत स्तर पर कैम्प लगाकर बधियाकरण अभियान चलाया जाए। लावारिस कुत्तों का टीकाकरण कैम्प लगाकर रेबीज बीमारी के फैलाव पर रोक लगाई जाए। गंडई स्वाथ्य केंद्र में पदस्थ डॉक्टर प्रशांत सोनी में बताया कि दो माह में 30 लोगों को कुत्ता काटने का मामला हास्पिटल में आया है जिसमें सितंबर माह में 22 एवं अक्टूबर माह में 10 कुत्ता काटने का मामला आया था, सभी को रैबीज का टीका लगाया गया है ।



हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 15 अक्टूबर 2025






## किसान सम्मेलन आज

डोंगरगांव। स्थानीय मंडी प्रांगण में 15 अक्टूबर को विशाला किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस सम्मेलन में किसानों का अधिक उपज वाले बीज, खाद, दवाई का अवलोकन करने मिलेगा। साथ ही आधुनिक कृषि यंत्रों की जानकारी भी मिलेगी।

# पुष्य नक्षत्र पर चमका बाजार...कपड़ा बर्तन सहित इलेक्ट्रानिक्स में दिखा बुम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धनतेरस दीवाली के पहले पुष्य नक्षत्र पर बाजार में चकाचौंध रहा। सुबह से लेकर देर शाम तक शहरी सहित ग्रामीणों ने शुभ मुहूर्त पर जमकर खरीदी की। व्यापारियों में भी दिनभर व्यस्तता का आलम रहा। पुष्य नक्षत्र के साथ ही बाजार में रौनक बन पड़ी है, जो लगातार बने रहने की संभावना है।



पंचाग के अनुसार पर्वों से पूर्व खरीदी के लिए शुभ मुहूर्त पुष्य नक्षत्र दो 14 एवं 15 अक्टूबर को है, जिसे लेकर बाजार में व्यापक साज-सजावट की गई है। दुकानों में व्यवसायियों ने पर्याप्त स्टाक पहले से ही कर लिया है। शहर के अलावा ग्रामीण इलाकों के बाजार में भी रौनक बननी शुरू हो चुकी है। बाजार में दीये से लेकर कपड़ा, बर्तन, ज्वेलरी, साज-सजावट के सामान, इलेक्ट्रानिक्स आईटम, आटो मोबाइल से लेकर विविध प्रकार के सामग्रियों की दुकानें सजी हुई है। मंगलवार सुबह से ही लोगों की बेहतर उपस्थिति बनी। खासकर आटो मोबाइल की दुकानों में सामान्य दिनों की अपेक्षा लोगों को वाहन की खरीदी करने के लिए उत्सुक देखा गया। हिन्दुओं का सबसे बड़ा व प्रमुख पर्व दीवाली है। पांच दिनों तक चलने वाले इस पर्व को दीवाली पंच पर्व के तहत इस महीने 18 अक्टूबर को धनतेरस, 19 को नरक चौदस, 20 को दीवाली, 21 को देव पितृ कार्य अमावस्या, 22 को गावर्धन पूजा, 23 को भाई दूज पर्व है। पंचाग के मुताबिक अक्टूबर माह पर्वों से भरा हुआ है। दीवाली पंच पर्व के पश्चात 27 का सूर्य षष्ठी, 30 को आंवला नवमी पर्व है।

### आज भी बाजार में रहेगी चहल-पहल

कल 15 अक्टूबर को भी बाजार में जमकर खरीदी होने की संभावना जताई जा रही है। ज्ञात हो कि पुष्य नक्षत्र में सोना-चांदी, वाहन, प्रापर्टी और नई खरीदी के लिए बेहद शुभ माना जाता है। पुष्य नक्षत्र को मनाने वाले शुभ मुहूर्त को देखकर खरीदी करने के लिए मशगूल रहे। इसके साथ ही आगामी दिनों में लगातार पर्वों की श्रृंखला शुरू होने से बाजार में जमकर खरीदी होने की संभावना जताई जा रही है।

# आज 73 बरस के हो जाएंगे डॉ. रमन सिंह, सीएम मंत्रियों सहित बधाई देने पहुंचेंगे प्रदेशभर से लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



स्थानीय विधायक और प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज अपने जीवन के 73 बरस पूरे करने वाले हैं। तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके डॉ. रमन सिंह पिछले दो दशक से राजनांदगांव के विधायक भी हैं। चाउर वाले बाबा और विकास पुरूष जैसे नामों से पहचाने जाने वाले डॉ. रमन सिंह का इस बार जन्मदिन खास होने वाला है, जहां उनके जन्मदिन की बधाई देने के लिए प्रदेश के सीएम विष्णुदेव साय सहित पूरा मंत्रिमंडल और प्रदेशभर से लोग राजनांदगांव पहुंचेंगे। वहीं स्थानीय भाजपा इसे उत्सव के रूप में मनाने की तैयारी कर चुकी है।

इस दौरान जहां डॉ. सिंह दिव्यांगजनों को सामग्री का वितरण करेंगे। वहीं प्रयास विद्यालय के बच्चों से मुलाकात, स्वच्छता दीदीयों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के सम्मान समारोह का आयोजन भी किया गया है। इसके साथ ही डॉ. सिंह गौरवपथ स्थित अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में जीम का उद्घाटन भी करेंगे। वहीं डॉ. सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर भावेश बैद द्वारा आज स्टेट स्कूल मैदान में प्रख्यात गायक कैलाश खेर का कार्यक्रम भी आयोजित किया जा रहा है। इसके साथ स्पीकर हाउस में विशिष्टजनों के लिए भोजन का आयोजन भी किया जाएगा।

### रात यहीं रूकेंगे

अपने जन्मदिन के अवसर पर आज डॉ. रमन सिंह दोपहर दो बजे राजनांदगांव पहुंचेंगे। इसके बाद 4 से 6 बजे के मध्य शिवनाथ वाटिका में जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल होंगे। 8 से 10 बजे तक स्टेट स्कूल मैदान में कैलाश खेर के कार्यक्रम में रहने के बाद रात्रि विश्राम राजनांदगांव में ही करेंगे। अगले दिन सुबह 11.30 बजे दिव्यांगजनों को सामग्री वितरण, साढ़े 12 बजे प्रयास विद्यालयल के बच्चों से मुलाकात और जीम का उद्घाटन, डेढ़ बजे स्वच्छता दीदीयों का सम्मान करेंगे। शाम पांच बजे अपने रायपुर आवास के लिए लौट जाएंगे।

# सड़क पर बैठी गौवंश को लेकर सर्किट हाऊस छोड़ने पहुंचे कांग्रेसी, पुलिस ने गेट पर रोका

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कांग्रेस शासनकाल में चलाई जा रही गौठान योजना, गोबर खरीदी बंद होने से सड़क पर मवेशी पालक अपने गौवंश को छोड़ रहे हैं। जिससे लगातार हादसे में गाय और लोगों की जाने जा रही है। इस मामले को लेकर आज युवक कांग्रेस द्वारा प्रदेश सरकार के खिलाफ सड़क पर बैठी गाय को सर्किट हाउस छोड़ने प्रदर्शन किया गया। इस दौरान पुलिस ने बेरिकेटिंग कर कांग्रेसियों को रोका।

उन्होंने कांग्रेस सरकार के समय चल रही योजना को बंद करने से सड़क पर गौवंश के बैठने से हो रहे सड़क हादसे और इन हादसों में लगातार पशुधन एवं दो पहिया वाहन चालकों की मौत के मामले को लेकर प्रदेश की साय सरकार को घेरा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़क से गौवंश को लेकर पूजा-अर्चना की और फिर इसके बाद सर्किट हाउस में छोड़ने पहुंचे। कांग्रेस ने अपने प्रदर्शन के माध्यम से गौठान और गोबर खरीदी योजना शुरू करने की मांग की। कांग्रेस द्वारा प्रदर्शन किए जाने की जानकारी मिलने पर सर्किट हाउस के गेट पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। पुलिस ने यहां बेरिकेटडिंग करके गेट बंद कर दिया था। कांग्रेस कार्यकर्ता गेट तक पहुंचे और बेरिकेडिंग हटाकर भीतर घुसने का प्रयास किया, लेकिन वह सफल नहीं हो पाए। इस प्रदर्शन के दौरान शरद पटेल, विनय झा, ऋषि शास्त्री, अभिमन्यु मिश्रा, शुभम शुक्ला, संदीप सोनी, विशु अजमानी, राज यादव सहित युवा कांग्रेस के अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।



### योजना बंद, सड़क पर मवेशी


युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव निखिल द्विवेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा धार्मिक आयोजन के मंच से गाय को राजमाता का दर्जा देने के लिए पहल करने की बात कही गई है। दूसरी तरफ गौवंश की सड़कों पर दुर्दशा और मौतें हो रही है। जैसे नेता, मंत्री और अधिकारी विश्राम भवन में रहते हैं। वैसे ही राजमाता को भी रखना चाहिए। इस वजह से यहां छोड़ने पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि भूपेश सरकार के समय चलाई जा रही योजना के चलते पशुपालक अपने मवेशियों को अपने घर पर रखते थे। गौठान में भी मवेशियों के लिए व्यवस्था थी, लेकिन अब योजना बंद होने से मवेशियों को सड़क पर छोड़ा जा रहा है।















## खबर संक्षेप



### जन्मदिन पर न्योता भोज का आयोजन

**रूवातला।** ग्राम की प्राथमिक शाला में पदस्थ शिक्षक प्रेमचंद वर्मा ने अपने जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर लगभग 220 बच्चों को न्यौता भोज में खीर, पुड़ी, भजिया तथा छोले आलू सब्जी खिलाया। इस दौरान प्रधानपाठक लूणकरण वर्मा, आरके साव, संध्या गोस्वामी, प्रतीक्षादास, भारती देखमुख, नीतू वर्मा, प्रीतलाल साहू, संकुल प्राचार्य संतोषी डड़सेना, ठाकुरराम चंद्रवंशी, हरीश वरुडकर, कविता सिरमौर, सरपंच उर्मिला मंडावी, सचिव नारायणदास साहू, कलेश वर्मा, चंदा वर्मा, चित्राखन वर्मा, लोकमती वर्मा आदि मौजूद थे।

### मिलेट्स के महत्व पर व्याख्यान



**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में मंगलवार को रसायनशास्त्र विभाग ने मिलेट्स के महत्व पर व्याख्यान का आयोजन किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मोटे अनाज जैसे रागी, कोदो, ज्वार, बाजरा, कुटकी आदि के शारीरिक एवं आर्थिक महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहायक प्राध्यापक डॉ.बसंत सोनबेर थे। उन्होंने विद्यार्थियों को मानसिक रुप से स्वास्थ रहने के दिशा निर्देश दिए साथ ही विद्यार्थियों से प्रश्नोत्तरी के माध्यम से कैरियर एवं अध्ययन से संबंधित समस्याओं का समाधान किया।

### आयुष विभाग ने कराया योगाभ्यास



**मोहला।** जिला आयुष अधिकारी डॉ. शिल्पा मिश्रा के मार्गदर्शन में रजत जयंती वर्ष अंतर्गत जिला स्तरीय योगाभ्यास का आयोजन स्वामी आत्मानंद विद्यालय स्टेडियम मोहला में किया गया। योग प्रशिक्षक उमाशंकर दिल्लीवार एवं वेदप्रकाश भुआर्य ने योग के विभिन्न आसन कराए तथा शारीरिक व मानसिक लाभों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान अपर कलेक्टर जीआर मरकाम ने भी योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रतिदिन योग करने की सलाह दी। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर डीआर ध्रुव, बीईओ राजेंद्र देवांगन, डॉ दिनेश कुमार सोनी सहित अन्य उपस्थित थे।

सरकारी हास्पिटल से लोगों का हो रहा जुड़ाव

# वनांचल के सरकारी हास्पिटल में जुड़वा बच्चे का हुआ जन्म

## डॉक्टर आने के बाद लोगों को मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ खड़गांव

स्थानीय सरकारी हास्पिटल को अब तक सिर्फ रिफर सेंटर के नाम से जाना जाता था और डिलीवर केस को अक्सर दल्लीराजहरा या मानपुर रिफर कर दिया जाता था। हालात यह हो गए थे कि आमजनों सरकारी हास्पीटल में जाने से परहेज करने लगे थे। लोग सरकारी हास्पिटल को रिफर सेंटर कहने लगे थे। कुछ महीने पहले तक सरकारी हास्पिटल में डाक्टर तक नहीं था। इस आशय की हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद डा हिमांशु सुखदेव की नियुक्ति हुई है। बीते दो से ढाई माह के कार्यकाल में डा सुखदेवे ने आमजनों के बीच अपनी छबि बनाईं।

### परिजन खुश

जानकारी के अनुसार सरकारी हास्पिटल में पहली बार जुड़वा बच्चों का जन्म हुआ है। बीती रात हास्पिटल में ढोकला निवासी मनीषा कंवर प्रसव के लिए पहुंची तब डा सुखदेव भोजन करने घर गए थे। स्टाफ ने डा सुखदेव को फोन कर बताया कि डिलीवरी केस आया है। वह भोजन करना छोड़कर हास्पिटल पहुंचे और जुड़वां बच्चों का जन्म कराया। जुड़वां बच्चों क जन्म बाद महिला और परिजनों ने डाक्टर को धन्यवाद दिया।



### सेवा करते रहूंगा

डा सुखदेव ने बताया कि उन्हे लोगों का इलाज करने भेजा गया है। उनकी कोशिश रहेगी कि किसी भी मरीज को रिफर नहीं किया जाए। वह हर संभव इलाज करने का प्रयास करेंगे। ज्यादा क्रिटिकल केस होने या दवाई का अभाव रहने पर ही किसी को रिफर किया जाएगा।

# लखपति दीदियों को किया सम्मानित

- अधिवेशन में अगली कार्ययोजना तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानपुर

तिरंगा संकुल संगठन भर्रीटोला में वार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया गया। अधिवेशन में वर्षभर की गई गतिविधियों, आगामी कार्ययोजना तथा आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम में लखपति दीदियों ने अपनी सफलता की जानकारी साझा किया, जिससे अन्य महिलाओं को आजीविका से जुड़ने और आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा मिली। संकुल संगठन द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाली लखपति दीदियों एवं उद्यमी महिलाओं को सम्मानित किया गया, जिसमें महंतीन कव्वालिया अडज़ाल एवं कल्याणी अडज़ाल सहित अन्य महिला उद्यमी शामिल थी। जिला पंचायत सीईओ भारती चंद्राकर ने संकुल संगठन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आजीविका गतिविधियों के माध्यम से महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं। उन्होंने सभी समूहों को लखपति दीदी बनने की दिशा में सतत प्रयास करने एवं आजीविका मूलक गतिविधियों से जुड़ने हेतु प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर जनपद सीईओ मो. हनीश खान, अनिल कपूर, संकुल प्रभारी चंदनसिंह राजपूत, पीआरपी जानकी साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

# व्याख्याता एंथोनी को मिला छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान



**जेवरतला रोड।** रायपुर के सभागृह में शिक्षक कला एवं प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ ने कर्मचारी नेता स्व. नरेंद्र सिंह चंद्राकर के स्मृति में छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान का आयोजन किया। मुख्य अतिथि कर्मचारी नेता सुरेंद्र तिवारी थे। अध्यक्षता नरेंद्र चंद्राकर ने की। विशेष अतिथि अनिल शुक्ला, निधि चंद्राकर थे। कार्यक्रम में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा की व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी को छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इस सम्मान पर प्राचार्य आरके देवांगन, चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, अजय पाठक, हर्षा देवांगन, रीना बोरकर, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन, बिंदु पटेल, बिंदु साहू, सीपी सोनबोईर, अनुराधा खरे, सुरेंद्र नेताम, कुंदन यादव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## कंवर के जन्मदिन पर फल वितरण

**खड़गांव।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दामाद टीएस कंवर का जन्मदिन छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन के सदस्यों ने धूमधाम से मनाया। छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष विजय जैन के नेतृत्व में खडगांव क्षेत्र पर आमजनों सहित बच्चों को फल वितरण किया गया। श्री जैन ने बताया कि श्री कंवर मिलनसार होने के साथ मीडिया एसोसिएशन के सदस्यों को समय-समय पर मोटीवेट करते रहते है।



# धारिया में संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

स्वर रागिनी लोक सांस्कृतिक मानस साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था ग्राम धारिया ने रविवार को दुबेलिया तेली साहू समाज सामाजिक भवन श्यामपुर में कविता पाठ, संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का सफल आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी संदीप कुमार महोबिया, विशिष्ट अतिथि शरद वैष्णव, पंचकुमार सिलोटिया थे। इस अवसर पर लाल हरिन्द्र, टिकेंद्र ध्रुर्वे, इंदिरा चंदनवंशी, घनीराम डडसेना एवं नामदेव दास मानिकपुरी ने प्रभावशाली कविताओं और रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। समारोह में उपस्थित ग्रामीणों एवं साहित्यप्रेमियों ने संस्था के इस आयोजन की सराहना की। नवॉकुर कवियों में निरज साहू, मनीषा निषाद, अमीर साहु, विजय जॉगडे, लोक कलाकार हीरालाल साहु, प्रकाश वैष्णव ने भी लोगों का मनोरंजन किया। कार्यक्रम में रमेश धुर्वे, प्यारेलाल जंघेल, कृष्णा साहु, कंसु साहु, पुनऊ पटेल सहित अन्य शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के अध्यक्ष बिहारी साहु, मनोज साहु, बिसाहु गंधर्व का विशेष सहयोग रहा।



# पालकों को परिणाम से कराया अवगत



**जेवरतला रोड।** प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला चेन्दरीबन नवागाँव में शासन के आदेशानुसार द्वितीय पालक-शिक्षक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पालकों को तिमाही परीक्षा के परिणाम से अवगत कराया गया। बैठक में कोमलचंद आर्य, चन्द्रभूषण साहू, अश्वनी देवांगन, सन्नी देवांगन, चैतन्य देवांगन, बसंत साहू, चैनसिंह साहू, मोनिका ठाकुर, कविता ठाकुर, दीप्ति शेण्डे, श्रवण साहू, रैनू साहू, तेजराम साहू, लिकेश्वर साहू, कमलेश देवांगन, रूस्तम पटेल, भूपेन्द्र साहू, दिनेश साहू, नागेश साहू, मुकेश पटेल, खोमन साहू, फागेश्वर साहू, पूर्णिमा देवांगन, खिलेश्वरी ठाकुर, खिलेश्वरी पटेल, भगवन्तीन एवं पालक शामिल हुए।

## गहमा-गहमी के बीच चुनाव संपन्न

# तहसील साहू संघ कुमर्दा के मिलाप अध्यक्ष निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

जिला साहू संघ राजनांदगांव के अध्यक्ष भागवत साहू के निर्देशन और चुनाव अधिकारियों की देखरेख में 11 अक्टूबर को तहसील साहू संघ कुमर्दा का शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न हुआ। तहसील अध्यक्ष पद पर मिलापदास साहू निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष पद पर हिरेंद्र साहू खोराटोला एवं फनेश्वरी साहू ने सफलता हासिल किया। संगठन सचिव तोरणदास साहू एवं संगीता साहू निर्वाचत हुए।

जिला साहू संघ ने चुनाव के लिए चंद्रशेखर साहू, कुलेश्वर साहू, महेश साहू, नीलकंठ साहू, नरेंद्र साहू, कौशल साहू एवं कोमल साहू को जिम्मेदारी सौंपा था। चुनाव में 514 मतदाताओं में से 496 ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। अध्यक्ष पद के लिए मिलापदास साहू एवं ज्ञानचंद साहू चुनाव मैदान में उतरे। मिलापदास साहू को 279 एवं ज्ञानचंद साहू को 210 मत प्राप्त हुए। 69 मतों के अंतर से मिलाप दास निर्वाचित हुए। इसी तरह उपाध्यक्ष पद के लिए मनसुखी साहू को 206 मत एवं हिरेंद्र साहू को 210 मत प्राप्त हुआ। हिरेंद्र साहू कांटे के संघर्ष में 4 मतों से विजय हुए। महिला उपाध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी मैदान में थे जिसमें फनेशवरी साहू को 244 एवं भुवनेश्वरी साहू को 211 मत प्राप्त हुए। फनेश्वरी 33 मतों से विजय घोषित हुई।



### संगीता निर्विरोध निर्वाचित

संगठन सचिव पद के लिए तोरण दास साहू को 238 एवं नारायण साहू को 224 मत प्राप्त हुए। तोरण साहू 14 मतों से विजय हुए। संगठन सचिव महिला पद के लिए संगीता साहू को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। निर्वाचन के बाद पदाधिकारियों को निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंपा गया। परिणाम घोषित होने के बाद सामाजिक जनों ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को गुलाल लगाकर दी।

### मौजूद रहे सामाजिकजन

चुनाव के दौरान नीलमणि साहू, गिरधारी साहू, हिरेंद्र साहू, गीता घासी साहू, भुनेश्वर साहू , मदन साहू, लीलाधर साहू, देवेंद्र साहू, भुवनलाल साहू, त्रिलोचन साहू, भालचंद्र साहू, फकीर साहू, युगलकिशोर साहू, भवभूति साहू, पूरन साहू, किशन साहू, डुमेशवर साहू, दीनदयाल साहू, नरेंद्र साहू, जीवनलाल साहू, सविता साहू, धुमेश्वर साहू, ईश्वर साहू, सुंदरलाल साहू, नलेंद्र साहू, केशव भारती साहू, प्रेमलाल साहू, भागवत साहू, विरेन्द्र साहू, शीशपाल साहू, कुमार साहू, ललित साहू, मानिक साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

# ग्राम पंचायतों में बने बैंक सह आवास और व्यवसायिक परिसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

- पंचायतों को होगा लाभ, युवा होंगे आत्मनिर्भर

मंडल भाजपा की कार्यकारिणी सदस्य हिना मंगल जैन ने ग्राम पंचायतों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए पंचायत स्तर पर बैंक सह आवास परिसर निर्माण कराने का सुझाव रखा है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वित्तमंत्री ओपी चौधरी और पंचायत मंत्री को प्रेषित पत्र में श्रीमती जैन ने बताया कि प्रदेश की बहुसंख्यक ग्राम पंचायतों में राष्ट्रीयकृत एवं निजी बैंक किराए के भवनों में संचालित हो रहे हैं। इन बैंकों में पदस्थ कर्मचारियों के लिए ग्राम स्तर पर आवासीय सुविधा का अभाव होने के कारण वह निकटवर्ती शहरों अथवा कस्बों में निवास कर प्रतिदिन आवागमन करते हैं। इससे न केवल उन्हें असुविधा होती है, बल्कि बैंक संचालन की दक्षता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

### पंचायतों को होगा आर्थिक लाभ

उन्होंने पत्र मे उल्लेख किया की जिन ग्राम पंचायतों में राष्ट्रीयकृत अथवा निजी बैंक संचालित हैं, वहां शासन स्तर पर बैंक सह आवासीय परिसर का निर्माण कराया जाए। बैंक परिसर के निर्माण से पंचायतों को भवन किराए के रूप में प्राप्त राशि से आर्थिक सशक्तता मिलेगी और वह मूलभूत सुविधाओं के विकास में सक्षम हो सकेंगी।



### स्वरोजगार को मिलेगा बढ़ावा

उन्होंने बताया कि बैंक कर्मचारियों को परिसर में ही निवास सुविधा मिलने से उन्हें बेहतर कार्य वातावरण प्राप्त होगा और ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं का त्वरित लाभ मिलेगा। उन्होंने बैंक परिसर के साथ व्यवसायिक परिसर का निर्माण भी कराने का भी सुझाव रखा है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के युवा स्वरोजगाकर आत्मनिर्भर हो सके। इस पहल से स्थानीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ता मिलेगी।

# बाजार से गायब हो रहे छोटे नोट

**खड़गांव।** खड़गांव क्षेत्र में इन दिनों छोटे नोटो की कमी देखी जा रही है। वर्तमान में बाजार से दस, बीस, पचास, सौ और दो सौ रुपए के नोट गायब होते जा रहे हैं जिसके चलते दुकानदारों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

वर्तमान में सिर्फ पांच सौ के नोट बाजार में ज्यादा नजर आ रहे हैं। सामान खरीदने के लिए उपभोक्ता द्वारा पांच सौ का नोट दिया जा रहास है जिसके कारण व्यापारियों को शेष रकम वापस करने में दिक्कत हो रही है। आगामी दिनों दीपावली त्यौहार है उसके बाद भी बाजार में छोटे नोट उपलब्ध नहीं है जिससे उपभोक्ता और दुकानदार परेशान हैं। क्षेत्र के कुछ व्यापारियों ने बताया कि छोटे नोट दिनों दिन काम होते जा रहे हैं जबकि बड़े नोट भरपूर मात्रा में देखने मिल रहे हैं।

### नकली नोट खपाने की आशंका

आशंका जताई जा रही है कि कहीं कोई नकली नोट का गिरोह तो सक्रिय नहीं है जो दीपावली त्यौहार की आड़ में नकली नोट खपाने की तैयारी में है। बहरहाल इन दिनों छोटे नोटों की किल्लत से व्यापारियों सहित उपभोक्ता परेशान है।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130




## ग्रामसभा में फैसला : सकारात्मक पहल

# अवैध शराब बेचने और खुले जगहों पर नशाखोरी की तो होगी कड़ी कार्रवाई!

### ग्राम पंचायत देवादा में बढ़ते नशे के खिलाफ चलेगी मुहिम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के ग्राम पंचायत देवादा में नशे के खिलाफ एक बड़ी मुहिम चलाते हुए ग्रामसभा बैठक में अवैध शराब और सार्वजनिक स्थल पर नशाखोरी करने वालों पर कार्रवाई का फैसला लिया गया है।



बीते शनिवार को राजनांदगांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम देवादा में ग्रामसभा की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में महिलाओं की खासी उपस्थिति रही। ग्रामसभा की बैठक के दौरान एक अहम निर्णय लेते लगातार गांव में युवाओं के बीच बढ़ रहे नशे की प्रवृत्ति पर लगाम लगाने और नशे के खिलाफ जागरूकता लाने के उद्देश्य से महिलाओं और युवाओं द्वारा दिए गए सुझाव अनुसार खुले जगहों पर शराब बेचने, सार्वजनिक स्थानों पर शराब-गांजा जैसे मादक पदार्थों का सेवन करने वालों पर कानूनी कार्रवाई के साथ-साथ जुर्माना लगाने का निर्णय लिया गया है।

**बताने वालों को मिलेगा 5 हजार का ईनाम:** सार्वजनिक जगहों पर जुआ, सट्टा, गांजा व शराब पीने वालों पर कड़ा निर्णय लेते गांव के चौक-चौराहों पर अवैध शराब बेचने सहित खुले जगहों पर शराब व गांजा जैसे मादक पदार्थों का सेवन करने वालों पर 10 हजार रुपए जुर्माना लगाने एवं खुले जगहों पर शराब पीने व बेचने वालों का नाम बताने वालों को 5 पांच हजार रुपए का उचित ईनाम देने का ग्रामसभा बैठक में अहम फैसला लिया गया।

### ग्रामीणों के सहयोग से रूकेगा नशा

ग्रामसभा की बैठक में नशापान के खिलाफ गहरी चिंता व्यक्त करते लगातार नशापान के खिलाफ आ रहे शिकायतों पर शिकंजा कसने पुलिस प्रशासन एवं ग्रामीणों के सहयोग से गांव में अवैध रूप से नशे के कारोबार को रोकने, गांव में बढ़ रहे अपराध रोकने के संबंध में चर्चा कर निर्णय लिया गया है। ग्रामसभा में हुए इस निर्णय से गांव में बढ़ रहे नशे के मामलों पर रोक लगेगी।

# पटाखा दुकानों में आग से बचाव के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर सेना, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं तथा एसडीआरएफ द्वारा जिले में समस्त स्थायी एवं अस्थायी पटाखा दुकानों में आग से बचाव के लिए दिशा-निर्देश जारी किया गया है।

जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी नगर सेना ने बताया कि जांच के दौरान नियमों का पालन नहीं करने पर छत्तीसगढ़ अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा अधिनियम 2018, छत्तीसगढ़ अग्निशमन एवं आपातकालीन नियमावली 2021 के तहत कार्रवाई की जाएगी। जारी दिशा निर्देशों में कहा गया है कि पटाखा दुकान, कपड़ा, बांस, रस्सी, टैंट सहित अन्य किसी भी ज्वलनशील पदार्थ का न होकर अज्वलनशील सामग्री से बने टिन शेड द्वारा निर्मित होना चाहिए। पटाखा दुकान कम से कम एक-दूसरे से 3 मीटर की दूरी (साईड) एवं एक-दूसरे के सामने न बनाई जाए।

पटाखा दुकानों में प्रकाश व्यवस्था हेतु किसी भी प्रकार के तेल लैंप, गैस लैंप एवं खुली बिजली बत्ती का प्रयोग प्रतिबंधित है। किसी भी पटाखा दुकान से 50 मीटर के अंदर आतिशबाजी प्रदर्शन प्रतिबंधित है। विद्युत तारों में ज्वांइट खुला नहीं होना चाहिए एवं प्रत्येक मास्टर स्वीच में फ्यूज या सर्किट ब्रेकर लगा होना चाहिए। जिससे शार्ट-सर्किट की स्थिति में विद्युत प्रवाह स्वतः बंद हो जाए। दुकानें ट्रांसफार्मर के पास न हो और उसके ऊपर से हाईटेंशन पावर लाइन न गुजरती हो।



प्रत्येक पटाखा दुकान में 5 किलोग्राम क्षमता का डीसीपी अग्निशामक यंत्र होना चाहिए तथा इसकी मारक क्षमता 6 फीट की होती है। दुकानों के सामने कुछ अंतराल में 200 लीटर क्षमता के ड्रम की व्यवस्था बाल्टियों के साथ होनी चाहिए। पटाखा दुकानों के सामने बाइक एवं कार की पार्किंग प्रतिबंधित है। अग्निशमन वाहन एवं एम्बुलेंस का फोन नंबर दुकान परिसर के कुछ स्थानों में लगाया जाए। अग्निशमन वाहन के मुव्हमेंट के लिए पर्याप्त स्थान होना चाहिए।




## खबर संक्षेप

### जिपं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक कल

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत-सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 16 अक्टूबर को शाम 4.30 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में एजेंडावार विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में सभी सदस्यों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### उपकरण के लिए 2 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत छुरिया विकासखंड के ग्राम कल्लूबंजारी एवं बादराटोला में अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र व सीएससी भवन में कम्प्यूटर एवं अन्य सहायक उपकरण हेतु 1-1 लाख रुपए कुल 2 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।

### अखिलेश्वर बने समिति के अध्यक्ष

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति के अनुशांगिक संगठन छत्तीसगढ़ साहित्य सृजन समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष सहित विभिन्न पदाधिकारी व सदस्य चुने गए। शरद पूर्णिमा के अवसर पर शहर के पुराने विश्राम गृह में आयोजित कवि, साहित्यकार एवं साहित्य सुधियों की बैठक में वरिष्ठ कवि अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा सर्वसम्मति से समिति का जिलाध्यक्ष चुना गया। इसी तरह कवि मानसिंह मौलिक सचिव, पवन यादव संयोजक तथा कवयित्री सुषमा शुक्ला एवं कवि थंगेश्वर कुमार साहू उपाध्यक्ष बने हैं। वहीं सह-सचिव शैलेष गुप्ता व सह-संयोजक तारिक ललानी बनाए गए हैं। छत्तीसगढ़ साहित्य सृजन समिति के संरक्षक मंडल में वरिष्ठ कवि आत्माराम कोशा, शशिकांत द्विवेदी, डॉ. शंकर मुनि राय, गिरीश ठक्कर, पद्मलोचन शर्मा, अशोक चौधरी, समाजसेवी शारदा तिवारी, राकेश इंदूभूषण ठाकुर, प्रो. केके द्विवेदी शामिल हैं। उक्ताशय की जानकारी साहित्य समिति के सचिव मानसिंह द्वारा दी गई है।

### समिति ने कलेक्टर का किया स्वागत

**राजनांदगांव।** श्री शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति राजनांदगांव के अध्यक्ष डॉ. डीसी जैन, सचिव अमलेंदु हाजरा, एसके तिवारी, निखिल मंगवानी एवं अन्य सदस्यों ने जिला कार्यालय स्थित कलेक्टर कक्ष में नए कलेक्टर जितेंद्र यादव के पदभार ग्रहण करने के उपरांत सौजन्य भेंट कर उनका पुष्प गुच्छ से स्वागत कर शुभकामनाएं दी।

# गरीब परिवारों को सामग्री वितरित

- श्री योग वेदांत सेवा समिति का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्री योग वेदांत सेवा समिति द्वारा वनांचल आदिवासी क्षेत्रों में विशाल रूप में जीवनोपयोगी सामग्री वितरण एवं भंडारे का आयोजन कर रहे हैं। राजनांदगांव जोन के समस्त समिति प्रमुख रोहित चंद्राकर, नोहर जंघेल, रामकुमार देवांगन, गोपाल यादव, रामाधीन साहू, जीवन साहू व उमाशंकर कुंवर ने बताया कि इस वर्ष भी दीपावली पर्व निमित्त विभिन्न बीहड़ वनांचल आदिवासी क्षेत्रों के 675 गरीब परिवारों तक पहुंचकर समिति के सेवाधारी सामूहिक कार्यक्रम कर सामग्री वितरण एवं भंडारे का आयोजन कर रहे हैं।



### जरूरतमंद परिवार में खुशी का माहौल

संस्था के टीके चंद्राकर, संजय साहू व प्रवीण चक्रधारी ने बताया कि योग वेदांत सेवा समिति राजनांदगांव के तत्वावधान में समस्त क्षेत्रीय समितियों की सहायता से बीहड़ में रहने वाले 675 गरीब परिवारों ये सेवा की गई। जिसमें राजनांदगांव के झुग्गियों में रहने वाले 130 परिवार, गंडई के सुखतरा में 150, खैरागढ़ के गातापार जंगल में 110, चौकी के बरारमुंडी में 25, मोहला के हिडकोटोला में 120 एवं डोंगरगढ़, छुरिया, डोंगरगांव में घर-घर जाकर 140 परिवार तक पहुंचकर जरूरतमंदों की सेवा की।

जीवनोपयोगी सामग्री वितरण में राशन सामग्री के साथ बच्चों के कपड़े, साड़ियां, सलवार सूट, पैंट-शर्ट, चप्पल, कंबल, मिठाई, बाल्टी, टप, लॉकेट, तेल, दीपक, नोटबुक, कैलेंडर एवं नगद राशि आदि सामग्री पाकर परिवारों में अलग ही खुशी देखने को मिली।

# अधिमान्यता समिति में शहर के पत्रकारों को मिला स्थान



**राजनांदगांव।** प्रदेश के पत्रकारों की अधिमान्यता समिति में संस्कारधानी के संपादक सूरज बुद्धदेव को राज्य स्तरीय अधिमान्यता सूची एवं अशोक पांडे, शंशाक तिवारी को संभाग स्तरीय अधिमान्यता समिति में शामिल किया गया। पत्रकार साथियों एवं नागरिकों ने कहा कि यह उपलब्धि जिले के पत्रकार समुदाय के लिए गौरव का विषय है।

## विशेष बच्चों के भविष्य को रोशन करने का अवसर – पियाली फाउंडेशन कॉलेज में बी.एड. एवं डी.एड. प्रवेश खुले

विशेष शिक्षक (Special Educator) बनने के लिए, आपको विशेष शिक्षा में प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा। इसके लिए, आप विभिन्न प्रकार के पाठ्यक्रम जैसे कि डिप्लोमा, डिग्री पाठ्यक्रम कर सकते हैं। इन पाठ्यक्रमों में, आपको विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को पढ़ाने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान सिखाया जाता है

### विशेष शिक्षक बनने के लिए कुछ सामान्य पाठ्यक्रम:

डिप्लोमा इन स्पेशल एजुकेशन (D.Ed. Special Education):यह पाठ्यक्रम 12वीं कक्षा के बाद किया जा सकता है और इसमें विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को पढ़ाने के लिए बुनियादी कौशल सिखाए जाते हैं। बी.एड. इन स्पेशल एजुकेशन (B.Ed. Special Education):यह पाठ्यक्रम स्नातक स्तर पर किया जा सकता है और इसमें विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को पढ़ाने के लिए उन्नत कौशल और ज्ञान सिखाया जाता है। Piyali Foundation college of Special Education Raipur जो विशेष शिक्षा पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं ।विशेष शिक्षक के रूप में करियर:विशेष शिक्षा शिक्षक विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के साथ काम करते हैं, जैसे कि सीखने की अक्षमता, ऑटिज्म, या बौद्धिक विकलांगता वाले बच्चे। विशेष शिक्षा शिक्षक विभिन्न प्रकार के सेटिंग्स में काम कर सकते हैं, जैसे कि: सरकारी और निजी स्कूल, पुनर्वास केंद्र, विशेष विद्यालय, गैर सरकारी संगठन (एनजीओ). विशेष शिक्षा शिक्षक बनने के लिए, आपको धैर्य, सहानुभूति, और अनुकूलनशीलता जैसे गुणों की आवश्यकता होती है।






पियाली फाउण्डेशन कॉलेज ऑफ स्पेशल एजुकेशन द्वारा स्पेशल एजुकेशन में दो वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम प्रवेश प्रारंभ किया जा रहा है और 2025-26 सत्र के लिए आवेदन संस्था द्वारा मंगवाया जा रहा है । इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यार्थी आवेदन पत्र संस्था में सीधे जमा करके प्रवेशा पा सकते है। संस्थान की प्रमुख मीता मुखर्जी के अनुसार यह पाठ्यक्रम सभी वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए है। उपरोक्त पाठ्यक्रम भारतीय पुनर्वास परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त है तथा पं रविशंकरशुक्ल विश्वविघालय से संबंद्धता प्राप्त है। बीएड पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अर्हता स्नातक है। स्नातक में 50 प्रतिशत अंको से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को ही प्रवेश दिया जाएगा। बीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए छत्तीसगढ़ प्री बीएड परीक्षा की आवश्यकता नहीं है। इस पाठ्यक्रम में सीधा प्रवेश दिया जाएगा। इस पाठ्यक्रम से विद्यार्थी अपना सुनहरा भविष्य बना सकते है । इस पाठ्यक्रम को करने के बाद अनेक क्षेत्रो में अपना कैरियर बना सकते हैं। जैसे विशेष शिक्षक के रूप में सरकारी स्कुलो प्राइवेट स्कुलो अस्पतालों समग्र शिक्षा अभियान तथा केंद्रीय स्कुलों में नियुक्त किया जा रहा है। आने वाले समय में विशेष शिक्षा के क्षेत्र में अपार नौकरियो की संभावनाए है।

मीता मुखर्जी - अध्यक्ष, राजकिशोर चौधरी - डायरेक्टर, पियाली फाउंडेशन, जागरुक पैरेन्ट्स एसोसिएशन रायपुर (छ.ग.)

विशेष शिक्षक बनने का सुनहरा अवसर
बी.एड., डी. एड. (विशेष शिक्षा)
सीधा प्रवेश प्रारंभ - 2025

DIRECT ADMISSION Last Date - 17.10.2025
84353 86927, 98271 28346
Old Dhanvantari Hospital, New Shanti Nagar, Gorakha Colony, Shankar Nagar, Raipur




हम सबके प्रिय नेता
छत्तीसगढ़ के विकास पुरूष
आदरणीय
डॉ. रमन सिंह जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई...
अशेष शुभकामनाएं...
15 अक्टूबर
विक्रांत सिंह
उपाध्यक्ष, जिला पंचायत केजीसी


Happy Pushya Nakshatra
पुष्य नक्षत्र पर इलेक्ट्रॉनिक्स की
हर खरीदी बने शुभ और लाभदायक!
आसान ईएमआई – बिना किसी झंझट के
एक्सचेंज ऑफ़र – पुराना दो, नया लो
कैशबैक ऑफ़र – हर खरीदी पर बेस्ट रिटर्न
आफ्टर सेल सर्विस – भरोसेमंद सेवा, भाईसा मार्केटिंग की पहचान
DISCOUNT
हर ब्रांडेड आइटम पर मिलेगा
स्पेशल पुष्य नक्षत्र डिस्काउंट
हर खरीद पर गिफ़्ट
टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, ए.सी., माइक्रोवेव, कुलर, और बहुत कुछ
सभी सामानों पर "पुष्य नक्षत्र के विशेष ऑफ़र"
भाईसा मार्केटिंग
कृष्णा टॉकीज के सामने, सिनेमा लाईन, राजनांदगांव | 98271 03036


वर्धमान
ज्वेलर्स
सोने व चांदी के निर्माता एवं विक्रेता।
सोने, चांदी के सिक्के, बर्तन, पूजा का सामान और
कार्पोरेट गिफ्ट के ढ़ेरों विकल्प
धनतेरस एवं दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाऐं...
इस धनतेरस एवं दीपावली को बनाइयें कुछ खास क्योंकि
वर्धमान समझता है आपके अपनों के जज्बात
YUG
GIA
कृपया पधारकर सेवा का मौका अवश्य देवें।
अरिहंत, कवर्धा 83057-25255
गोलबाजार, खैरागढ़ (छ.ग.) संभव लुनिया 88897-60000, वैभव लुनिया 96910-99977


आलोक सिंह ठाकुर
प्रदेशाध्यक्ष, भाजपा किसान मोर्चा छत्तीसगढ़
महावीर सिंह राठौर
पूर्व अध्यक्ष अपैक्स बैंक (छ.ग.)
15 अक्टूबर
मैं आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना करता हूँ
छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष
मान. डॉ. रमन सिंह जी
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं...
राजीव लोचन सिंह
जिला उपाध्यक्ष, भाजपा कांकेर
विनीत :- राठौर मेडिकल स्टोर कांकेर एवं कोरर (प्रोपराइटर : राजकुमार सिंह राठौर)
अनूप सिंह राठौर
जिला मंत्री भारतीय जनता पार्टी कांकेर


लोकप्रिय जननायक, संवेदनशील, सहज, सरल,
प्रदेश के विकास पुरुष, अजातशत्रु, छत्तीसगढ़ विधानसभा
के अध्यक्ष माननीय
डॉ. रमन सिंह जी
को जन्मदिन की
कोटि कोटि
बधाईयाँ...
मान. विष्णु देव साय जी
मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन
जन्मोत्सव कार्यक्रम -
स्पीकर हाऊस
समय - दोपहर 3:30 बजे से 4:30 बजे तक
शिवनाथ वाटिका
समय - दोपहर 4:30 बजे से 6:30 बजे तक
आप सादर आमंत्रित है
जिला भाजपा, राजनांदगांव (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### छात्रा दिव्या पटेल राष्ट्रीय एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में चयन, शिक्षक शिक्षिकाओं ने दी बधाई



**हरिभूमि कवर्धा।** अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के अंतर्गत 36वीं क्षेत्रीय एथलेटिक प्रतियोगिता का आयोजन भोपाल में किया गया। इस प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर मड़मड़ा की कक्षा सातवी की छात्रा दिव्या पटेल ने अंडर-14 ऊंची कूद में प्रथम स्थान प्राप्त कर अखिल भारतीय राष्ट्रीय स्तर पर जगह प्राप्त की। अखिल भारतीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 31 अक्टूबर से 4 नवंबर तक बेंगलुरु कर्नाटक में आयोजित की जाएगी। छात्रा दिव्या पटेल के राष्ट्रीय एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में चयन होने पर प्रधान आचार्या जस्सू निर्मलकर, व्यवस्थापक अनिल वर्मा, अध्यक्ष रामचरण जायसवाल, नेमसिंह ठाकुर, रमेश वर्मा, राधे जायसवाल, बलराम सिंह ठाकुर, हिमांशु जायसवाल, भुवन यादव, रोहित वर्मा, असोनिक वर्मा व समस्त ग्रामवासी मड़मड़ा ने शुभकामनाएं दी । सभी लोगों ने विश्वास जताया कि अखिल भारतीय स्तर में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले व प्रदेश का नाम रौशन करेंगी।

### नगर पालिका के सभापति ने कराई नालियों और झाड़ियों की साफ-सफाई



**हरिभूमि कवर्धा।** नगर पालिका परिषद के सभापति एवं वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद बिहारी धुर्वे ने क्षेत्र में स्वच्छता को लेकर एक सराहनीय पहल की है। उन्होंने रविवार को अपने वार्ड क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाते हुए नालियों की साफ सफाई कराई तथा आसपास उगी झाड़ियों और गंदगी को हटवाया। सभापति बिहारी धुर्वे स्वयं मौके पर उपस्थित होकर सफाई कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर को स्वच्छ, सुंदर और रोगमुक्त बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। स्वच्छ वातावरण में ही नागरिक स्वस्थ रह सकते हैं, इसलिए नगर पालिका द्वारा नियमित रूप से साफ सफाई कार्य करवाया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे भी अपने घरों और मोहल्लों को स्वच्छ रखें, नालियों में कचरा न डालें और सफाई व्यवस्था में नगर पालिका का सहयोग करें। इस दौरान सफाई कर्मचारियों ने पूरे क्षेत्र में झाड़ियों की कटाई कर सड़कों और गलियों को साफ किया। स्थानीय लोगों ने सभापति की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में वार्ड में साफ-सफाई की स्थिति में काफी सुधार आया है। आम नागरिकों ने भी इस अभियान में उत्साहपूर्वक सहयोग किया।

### छत्तीसगढ़ में धान के महत्व पर चित्रकला व रंगोली प्रतियोगिता आयोजित



**हरिभूमि कोलेगांव।** शासकीय प्राथमिक शाला पेण्ड्रीकला में धान के कटोरा धान महत्व पर चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अंशु पटेल एवं आराधना लहरे द्वारा ब्लैक बोर्ड पर खेत में धान की रोपाई करते हुए महिला का चित्र तथा सभी बालक-बालिकाओं द्वारा मनमोहक चित्र बनाया गया, जिसे सभी शिक्षक-शिक्षिका ने चित्र पर मुग्ध हो गए। छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है, क्योंकि यहां धान की खेती का अत्यधिक महत्व है। छत्तीसगढ़ राज्य के लगभग 88 प्रतिशत कृषि क्षेत्र में धान बोया जाता है और अनुकूल जलवायु और नदियों के पर्याप्त जल संसाधन भी धान उत्पादन के लिए सहायक हैं, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था और संस्कृति चावल पर केंद्रित है। छत्तीसगढ़ में काली और लाल मिट्टी पाई जाती है, जो धान की फसल के लिए आदर्श होती है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ में जल संसाधन, बड़ी कृषि भूमि, उत्पादन में अग्रणी रहना विशेष महत्व रखता है। धान का महत्व खाद्य सुरक्षा, कृषि अर्थव्यवस्था, ग्रामीण आजीविका और पोषण में केंद्रीय है क्योंकि यह भारत की आधी से ज्यादा आबादी का मुख्य भोजन है और किसानों के लिए आय का एक प्रमुख स्त्रोत है। चांवल में मौजूद कार्बोहाइड्रेट, विटामिन और मिनरल्स शरीर को ऊर्जा देते है और मेटाबॉलिज्म को बेहतर बनाते है। इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक बैजनाथ चंद्राकर, भुनेश्वर सिंह चौहान, बुद्धेश्वर राम प्रधान, सुश्री जानकी चुरेंद्र, प्रीतम कश्यप व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

**न्यायालय तहसीलदार पण्डरिया, जिला कबीरधाम (छ0ग0)**

**ईशतहार**

रा.प्र.क्रं............ब 121/वर्ष 2024-25
आवेदक- आनंद पिता बनिहार जाति अहिरवार
निवासी ग्राम पंडरिया तहसील पंडरिया
जिला -कबीरधाम (छ.ग.)

ईशतहार द्वारा आम जनता ग्राम पण्डरिया प.ह.नं. 36 सूचित किया जाता है कि आवेदक आनंद पिता बनिहार साकिन पण्डरिया तहसील पण्डरिया जिला कबीरधाम छ.ग. के द्वारा आवेदक के दादा भाईराम पिता बुधराम की मृत्यु दिनांक 01.01.2018 को पण्डरिया में हुआ है। जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदान किया जावे।

इस संबंध में जिस किसी को भी कोई आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति पत्र स्वयं उपस्थित होकर दो प्रति में दिनांक 15/10/25 समय 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

उपरोक्त निर्धारित तिथि पश्वात प्राप्त आपत्ति पत्र के अमान्य समझा जावेगा। आज दिनांक 06/10/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से ग्राम में ईशतहार जारी किया गया।

जारी दिनांक - 06.10.2025
पेशी दिनांक - 15.10.2025

मुहर

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
तहसीलदार
जिला कबीरधाम (छ.ग.)

## समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने पर ही योजनाओं का लक्ष्य होगा सफल: नेहरू

# जिले में विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष नेहरू राम निषाद ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला प्रशासन के अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन और प्रगति की समीक्षा की। बैठक में आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती चंद्रकांति वर्मा, कलेक्टर गोपाल वर्मा व सचिव संकल्प साहू शामिल हुए। अध्यक्ष श्री निषाद ने अधिकारियों से कहा कि सरकार की जनहितैषी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की जिम्मेदारी प्रशासन की है। योजनाओं का उद्देश्य तभी पूरा होगा जब इनका सफल और प्रभावी क्रियान्वयन जमीनी स्तर तक होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था निरंतर प्रगति के नए सोपान तय कर रही है। आज हम दस वर्षो के भीतर पूरे विश्व में नौंवे से चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में सफल हुए हैं। विकसित भारत के संकल्प के साथ हम कार्य कर रहे हैं। जिसमें गरीब, युवा, नारी शक्ति और किसानों में आर्थिक सशक्तिकरण पर विशेष फोकस है। इनके विकास पर केंद्रित योजनाओं और नीतियों का निर्माण और निष्पादन किया जा रहा है। ताकि आर्थिक विकास को और रफ्तार दी जा सके। अध्यक्ष श्री निषाद ने बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग, मछली एवं पशुपालन विभाग के योजनाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने जाति प्रमाण पत्र निर्माण के बारे में राजस्व अधिकारियों से जानकारी लेते हुए कहा कि आवेदकों को जाति प्रमाण पत्र बनाने में कठिनाई नहीं होनी चाहिए। यदि दस्तावेजों में कमी या तकनीकी दिक्कत है तो आवेदकों को उसकी सूचना कर प्रमाण पत्र बनवाएं जाएं। अध्यक्ष श्री निषाद ने जिले सहकारिता से दुग्ध उत्पादन की संभावनाओं के विस्तार पर भी पशु पालन विभाग के अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिले के पशुपालकों के लिए एक ऐसा इकोसिस्टम तैयार किया जाए जिससे वे सहकारिता के साथ-साथ डेयरी उत्पादन से व्यापक स्तर पर जुड़ सकें। यह किसानों और पशुपालकों के लिए अतिरिक्त आय का जरिया बनेगा। उपाध्यक्ष श्रीमती चंद्रकांति वर्मा ने कहा कि जिले में विभागीय योजनाओं की प्रगति को बेहतर बनाने के लिए विभाग प्रमुख अपने अमले के कामों की नियमित मॉनिटरिंग करें। हमें लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव के लिए कार्य करना है। यह तभी संभव होगा जब योजनाओं का लाभ लक्षित हितग्राहियों को मिले। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि जिले में शासन के मंशानुरूप जिले में हितग्राहियों को बुनियादी सुविधाओं से जोड़ने के साथ किसानों के आय संवर्धन के लिए कार्य किया जा रहा है।

### वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ उद्यानिकी फसल लेने किसानों को करें प्रोत्साहित



अध्यक्ष श्री निषाद ने किसानों को परंपरागत कृषि के साथ ही जिले में उद्यानिकी और व्यवसायिक कृषि को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके लिए विभाग द्वारा वैज्ञानिक दृष्टिकोण से किसानों के मार्गदर्शन को आवश्यक बताते हुए कहा कि जिले में मिट्टी का प्रकार और जलवायु के अनुसार कौन सी फसल किसानों के लिए फायदेमंद होगी इस पर कार्ययोजना तैयार करते हुए किसानों को इससे जोड़ने के निर्देश दिए।

## कान्हाभैरा में नौ दिवसीय श्री अखंड नवधा रामायण कार्यक्रम संपन्न



■ मानस मंडली द्वारा श्रीराम नाम संकीर्तन की प्रस्तुति दी गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

ग्राम कान्हाभैरा में प्रतिवर्षानुसार की भाति इस वर्ष भी 6 से 14 अक्टूबर तक श्री नागेश्वर महादेव की असीम कृपा व ग्रामवासियों द्वारा नौ दिवसीय श्री अखंड नवधा रामायण श्रीरामचरित मानस कथा का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिदिन दूर दराज से आए मानस मंडली द्वारा भक्ति-भाव से श्रीराम नाम संकीर्तन व कथा की प्रस्तुति दी गई। जिसमें पं प्रशांत शर्मा, पं अरुण प्रसाद शर्मा, पं पुरुषोत्तम तिवारी, पं रामलोचन तिवारी थे। जिसमें प्रथम दिवस भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ श्री अखंड नवधा रामायण मानस गंगा की प्रारंभ किया गया। जिसमें नौ दिवसीय तक कान्हाभैरा सहित आसपास क्षेत्र में भक्तिमय का वातावरण बना रहा। जिस पर आचार्य पं प्रशांत शर्मा ने बताया कि कलयुग केवल नाम आधारा सुमरी-सुमरी नर उतरही पारा अर्थात कलयुग में केवल भगवान के नाम का स्मरण ही भव-सागर से पर होने का एकमात्र और सबसे सरल उपाय है, यहां नाम केवल एक ध्वनि नहीं है बल्कि यह स्वयं ईश्वर का ही रूप है नाम का स्मरण करने से व्यक्ति सभी दुखों से मुक्त हो जाता है और परम मोक्ष प्राप्त कर सकता है। नौ दिवसीय यह आयोजन समस्त ग्रामवासी कान्हाभैरा का विशेष सहयोग से संपन्न हुआ।

### राज्य स्तरीय बेसबॉल मिनी, जूनियर व सीनियर वर्ग प्रतियोगिता मे जिले के 26 खिलाड़ियों का चयन

**हरिभूमि कवर्धा।** शालेय 25वी राज्य स्तरीय बेसबॉल मिनी, जूनियर व सीनियर बालक-बालिका वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन बिलासपुर में 15 से 18 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। जिसमे नगर के प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा के बेसबॉल 14 वर्ष बालक वर्ग में दीक्षांत, विनय चौरसिया, पुष्कर सिन्हा, मयंक चंद्रवंशी, अदम्य, मयंक, पंकज व बालिका वर्ग में सौम्या चंद्राकार, तान्या सिन्हा, दिव्या, जान्हवी, अनुष्का तथा बेसबॉल 17 वर्ष बालक वर्ग में चंद्रेश कोर्राम, लक्ष्य लांझी, वासुदेव, प्रियांशु, पुष्पेंद्र तथा बालिका वर्ग में हर्षिता, सौम्याना गेंद्रे वही बेसबॉल 19 वर्ष बालक वर्ग में कृष सिन्हा, हिमेश मानिकपुरी, गोपी सिंह, विनय, हिमेश जांगड़े एवं बालिका वर्ग के मान्या विभोर, वैदेही, जयश्री कुल 26 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। साथ ही कोच दिनेश वर्गिस, राजा जोशी, भूपेंद्र गढ़े को नियुक्त किया गया है, जो बिलासपुर में होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दुर्ग जोन का प्रतिनितिधत्व करेंगे। वही प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी अध्यक्ष गणेश तिवारी ने बताया की इन खिलाड़ियों का चयन जुलाई माह में बेमेतरा के जेवरा स्कूल में आयोजित क्षेत्रीय स्तरीय बेसबॉल प्रतियोगिता में उनके अच्छे प्रदर्शन के आधार पर हुआ है, जो अकेडमी के लिए गौरव की बात है। अकेडमी के खिलाड़ी प्रत्येक वर्ष अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर चयनित होकर सभी वर्गों में पदक लगाकर प्रदेश व कबीरधाम जिले का नाम रौशन कर रहे है। हाल ही में रायगढ़ और कवर्धा में आयोजित हुए सॉफ्टबॉल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अकेडमी के 10 खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल एवं 8 खिलाड़ियों ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। जिस पर प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी के 26 खिलाड़ियों का बेसबॉल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन होने पर जिले के पदाधिकारियों ने समस्त खिलाड़ियों को बधाई प्रेषित की।

# बिहार के सोनपुर विधानसभा में भावना बोहरा ने किया जनसंपर्क

### एनडीए गठबंधन को प्रचंड जीत दिलाकर सुशासन व विकासवादी सरकार चुनेगी: विधायक



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

विधानसभा चुनाव-2025 के मद्देनजर पंडरिया विधायक भावना बोहरा को पार्टी ने बड़ी जिम्मेदारी दी है, उन्हें सारण जिला अंतर्गत सोनपुर विधानसभा का प्रभारी बनाया गया है, जहां वो लगातार क्षेत्र का दौरा कर रहीं हैं। इस दौरान भावना बोहरा ने स्थानीय नागरिकों, छात्र-छात्राओं, किसानों, युवाओं, वरिष्ठजनों और जीविका दीदियों से मुलाकात कर एनडीए गठबंधन एवं प्रत्याशियों को जीत दिलाने की अपील कर रही हैं। इस दौरान भावना बोहरा ने सोनपुर विधानसभा अंतर्गत बूथ स्तर पर बूथ प्रभारियों एवं मंडल पदाधिकारियों से भी मुलाकात कर वहां की स्थिति, प्रमुख विषयों और स्थानीय मुद्दों पर चर्चा कर रहीं हैं साथ ही आगामी रानितियों पर भी अपने महत्वपूर्ण सुझाव दे रहीं हैं। उन्होंने सोनपुर विधानसभा के बूथ क्रमांक 241 और 242 में जीविक लाभार्थी दीदियों और क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर एनडीए सरकार की योजनाओं से महिला सशक्तिकरण, उनके स्वावलंबन, आर्थिक विकास व अन्य विषयों पर चर्चा की। उन्होंने दिघवारा एवं दिघवारा सदर मंडल, शिकारपुर बाजार में भी प्रचार-प्रसार किया और मंडल पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी चर्चा की साथ ही उपलब्धियों एवं योजनाओं को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने की बात कही। उन्होंने सोनपुर स्थित श्री हरिहर नाथ मंदिर में भी दर्शन पूजन कर छत्तीसगढ़ की खुशहाली व समृद्धि के साथ ही बिहार के निरंतर विकास और जनता के कल्याण की कामना की है।

### केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा भाजपा ने 71 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की

पंडरिया विधायक श्रीमती बोहरा ने कहा कि आज केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा भाजपा ने 71 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है, जिन्हें बधाई साथ ही छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा प्रभारी नितिन नबीन को भी बांकीपुर विधानसभा से प्रत्याशी बनने पर उन्हें जीत की अग्रिम शुभकामनाएं देती हूँ। भाजपा का कार्यकर्ता कभी थकता नहीं है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रेरणा लेकर वह अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा से पालन करते हैं और राष्ट्रसेवा में हमेशा समर्पित रहते हैं। बिहार चुनाव के दौरान भी कार्यकर्ताओं में अपार उत्साह है और प्रदेश में फिर एक बार एनडीए सरकार बनने को लेकर आश्वस्त हैं। जनता में भी चुनाव को लेकर उत्साह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। प्रचार-प्रसार के दौरान स्थानीय निवासियों से मुलाकात के दौरान उनमें एक नया आत्मविश्वास दिखाई दिया, वर्तमान सरकार के प्रति उनका सकारात्मक पहलु देखने को मिला, सड़क, बिजली,पानी जैसे मूलभूत सुविधाओं की पहुँच से उनके जीवन में आई खुशहाली और परिवर्तन को उन्होंने बताया की कैसे वे आज एक बेहतर जीवन बिता रहें हैं।

### पोषण और स्वास्थ्य पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला के विभिन्न संस्थाओं में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**विशेष बच्चों के भविष्य को रोशन करने का अवसर – पियाली फाउंडेशन कॉलेज में बी.एड. एवं डी.एड. प्रवेश खुले**

विशेष शिक्षक (Special Educator) बनने के लिए, आपको विशेष शिक्षा में प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा। इसके लिए, आप विभिन्न प्रकार के पाठ्यक्रम जैसे कि डिप्लोमा, डिग्री पाठ्यक्रम कर सकते हैं। इन पाठ्यक्रमों में, आपको विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को पढ़ाने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान सिखाया जाता है



**विशेष शिक्षक बनने के लिए कुछ सामान्य पाठ्यक्रम:**

डिप्लोमा इन स्पेशल एजुकेशन (D.Ed. Special Education): यह पाठ्यक्रम 12वीं कक्षा के बाद किया जा सकता है और इसमें विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को पढ़ाने के लिए बुनियादी कौशल सिखाए जाते हैं। बी.एड. इन स्पेशल एजुकेशन (B.Ed. Special Education): यह पाठ्यक्रम स्नातक स्तर पर किया जा सकता है और इसमें विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को पढ़ाने के लिए उन्नत कौशल और ज्ञान सिखाया जाता है। Piyali Foundation college of Special Education Raipur जो विशेष शिक्षा पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं। विशेष शिक्षक के रूप में कार्य विशेष शिक्षा शिक्षक विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के साथ काम करते हैं, जैसे कि सीखने की अक्षमता, ऑटिज्म, या बौद्धिक विकलांगता वाले बच्चे। विशेष शिक्षा शिक्षक विभिन्न प्रकार के सेटिंग्स में काम कर सकते हैं, जैसे कि सरकारी और निजी स्कूल, पुनर्वास केंद्र, विशेष विद्यालय, गैर सरकारी संगठन (एनजीओ)। विशेष शिक्षा शिक्षक बनने के लिए, आपको धैर्य, सहानुभूति, और अनुकूलनशीलता जैसे गुणों की आवश्यकता होती है।




पियाली फाउण्डेशन कॉलेज ऑफ स्पेशल एजुकेशन द्वारा स्पेशल एजुकेशन में दो वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम प्रवेश प्रारंभ किया जा रहा है और 2025-26 सत्र के लिए आवेदन संस्था द्वारा मंगवाया जा रहा है। इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यार्थी आवेदन पत्र संस्था में सीधे जमा करके प्रवेश पा सकते हैं। संस्थान की प्रमुख मीता मुखर्जी के अनुसार यह पाठ्यक्रम सभी वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए है। उपरोक्त पाठ्यक्रम भारतीय पुनर्वास परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त है तथा पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से संबद्धता प्राप्त है। बीएड पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अर्हता स्नातक है। स्नातक में 50 प्रतिशत अंको से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को ही प्रवेश दिया जाएगा। बीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए छत्तीसगढ़ प्री बीएड परीक्षा की आवश्यकता नहीं है। इस पाठ्यक्रम में सीधा प्रवेश दिया जाएगा। इस पाठ्यक्रम से विद्यार्थी अपना सुनहरा भविष्य बना सकते है। इस पाठ्यक्रम को करने के बाद अनेक क्षेत्रो में अपना कैरियर बना सकते हैं। जैसे विशेष शिक्षक के रूप में सरकारी स्कूलो प्राइवेट स्कूलो अस्पतालो समग्र शिक्षा अभियान तथा केंद्रीय स्कूलो में नियुक्त किया जा रहा है। आने वाले समय में विशेष शिक्षा के क्षेत्र में अपार नौकरियों की संभावनाए हैं।

मीता मुखर्जी - अध्यक्ष, राजकिशोर चौधरी-डायरेक्टर, पियाली फाउंडेशन, जागरूक पैरेन्ट्स एसोसिएशन रायपुर (छ.ग.)

विशेष शिक्षक बनने का सुनहरा अवसर
**बी.एड., डी. एड. (विशेष शिक्षा)**
सीधा प्रवेश प्रारंभ - 2025

DIRECT ADMISSION Last Date - 17.10.2025
**84353 86927, 98271 28346**
Old Dhanvantari Hospital, New Shanti Nagar,
Gorakha Colony, Shankar Nagar, Raipur

गौमाता व नंदी की सेवा करने से धर्म-अर्थ-काम, मोक्ष की प्राप्ति होती है

# गौ-वंश की सेवा से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है व भगवान का दर्शन भी हो सकता है: पं आनंद उपाध्याय



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

ग्राम अमली मालगी में आयोजित श्री अखण्ड नवधा में धर्मान्सद पं आनंद उपाध्याय कवर्धा ने श्रीराम चरित मानस और गौ-कथा कहते हुए बताया कि जो भक्त भगवान श्रीराम जी के चरणों में प्रेम करता है और संसार के सम्पत्ति का वमन के समान त्याग करता है, वह बड भागी है। शेषावतार श्री लक्ष्मण का अद्भुत और अनन्य प्रेम श्रीराम के चरणों में है, इसलिए वे धन्य और बड भागी हैं। क्योंकि लक्ष्मण भगवान श्रीराम को ही माता-पिता, भाई बंधू, सखा और सब कुछ मानते हैं। जो अपने माता-पिता की बात मानता है और उनकी सेवा करता है वह भी बड भागी है, जो माता-पिता की सेवा में तन्मय हो जाता है अपना सब कुछ सेवा में लगाता है, उसके घर चलकर सभी तीर्थ स्वयं आते हैं और भगवान भी आ जाते हैं दर्शन देने। भगवान की कथा सारे संसार का मंगल करती है भगवत कथा भव सागर से पार जाने के लिए नौका के समान है। जो गौ-रक्षक कसाई से 100 या उससे अधिक गौ-वंश को छुड़ाकर सेवा करता है वह भगवान शिव जी के समान हो जाता है, ऐसे गौ-रक्षक को देवता भी प्रणाम करते हैं। ऐसे गौ-रक्षक के दर्शन से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं, ऐसा गौ रक्षक मोक्ष पाता है। पं श्री उपाध्याय ने बताया कि गौ-कथा सुनने से पाप नष्ट होता है। गौमाता और नंदी की सेवा करने से धर्म-अर्थ-काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है। भक्ति ज्ञान और वैराग्य मिलता है, निष्काम भाव से भगवान मानकर गौ-वंश की सेवा करता है वो भगवान को भी प्राप्त कर सकता है। गौमाता की पूजा, परिक्रमा और सेवा करने से सभी देवी-देवताओं का पूजन हो जाता है। सभी तीर्थो में स्नान का फल प्राप्त होता है। गौमाता की सेवा से सुख सम्पत्ति मिलती है और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। गौमाता के रज का मस्तक में तिलक लगाने से गंगा स्नान का फल मिलता है और पाप नष्ट हो जाता है। गाय के गोबर का तिलक लगाने से भूत-प्रेत, डाकिनी, शाकिनी सब दूर रहते हैं, गौमाता की हत्या पूरे देश में बंद हो।

### राज्य सरकार द्वारा गौमाता को राज्य माता का सम्मान तुरंत देना चाहिए

छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार द्वारा गौमाता को राज्य माता का सम्मान तुरंत देना चाहिए। हम लोगों को प्लास्टिक का उपयोग नहीं करना चाहिए, प्लास्टिक को रास्ते में फेंकने से गौमाता उसे खा लेती है और मर जाती है। इसलिए झिल्ली और प्लास्टिक को घर के बाहर ना फेंके। गौ-माता के चारा पैरा-पलारी को जलाना नहीं चाहिए, इसे गौशाला या गौ सेवक को देना चाहिए। गौमाता के चारा पैरा जलाने से बहुत पाप लगता है। गौ-हत्या बंद कराने के लिए सभी को गौ मतदाता बनना चाहिए। गाय बचेगी देश बचेगा। गौमाता बचेगी तो मानव समाज बचेगा। जहां गौमाता और नंदी की हत्या होती है गौ वंश को पीड़ा पहुंचाया जाता है वहां भूकंप, महामारी, अतिवृष्टि अनावृष्टि होती है समाज में भय का वातावरण रहता है लोग दुःखी रहते हैं। इसलिए यदि सुख शांति चाहिए तो गौ हत्या बंद करके श्रद्धा और प्रेम से गौमाता की सेवा पूजा करनी चाहिए। सभी को जहां तक संभव हो गौमाता का पालन करना चाहिए। आज गौमाता कहां खड़े हो, कहां जाए, कहां रहे, गौचर भूमि पर कब्जा हो गया है अतः गौचर भूमि खाली हो सरकार को गौचर भूमि खाली कराना चाहिए। गौचर भूमि खाली करने से बहुत पुण्य मिलता है। सभी समस्या का हल गौ सेवा, गौ को चारा और जल।

### सुविधा के अभाव में समस्या से जूझ रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

बोड़ला विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत राम्हेपुर के आश्रित ग्राम चंदनपुर की बसावट हैं। जहां निवासरत ग्रामीण समस्याओं से जूझ रहे हैं। गांव में एक नहीं, अनेक समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। एक तो गांव के गलियों में सीसी रोड व पक्की नाली का अभाव है। इसके चलते मौसम चाहे, जो भी हो, निस्तारी का गंदा पानी 24 घंटे बहता रहता है।

**HEALTH TOWN**

**आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक**
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

समस्याः जिलेभर के संकुल समन्वयकों की खेतों में लगाई गई ड्युटी

# संकुल समन्वयक स्कूल छोड़ खेतों में तैयार कर रहे हैं गिरदावरी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के स्कूल शिक्षा विभाग में इन दिनों एक अनोखा दृश्य देखने को मिल रहा है। जहां शिक्षकों के हाथों में अब किताबों की जगह गिरदावरी के संबंधी दस्तावेज दिखाई दे रहे हैं और वे स्कूलों की जगह खेतों की मेढ़ में नजर आ रहे हैं।

बताया जाता है कि जिले के चारों विकासखण्ड के के दर्जनो संकुल समन्वयकों इस बार गिरदावरी कार्य के लिए मैदान में उतारा गया है। शासन द्वारा 10 से 16 अक्टूबर तक गिरदावरी कार्य के लिए इन संकुल समन्वयों की ड्यूटी लगाई गई है। इसी अवधि में सामाजिक अंकेक्षण कार्य भी जारी है, जिससे शिक्षकों पर दोहरी जिम्मेदारी का बोझ बढ़ गया है। यहां बताना लाजिमी होगा कि गिरदावरी का कार्य मूलतः राजस्व विभाग का होता है, जिसमें पटवारी खेतों का निरीक्षण कर यह दर्ज करते हैं कि किस किसान ने कौन-सी फसल बोई है और फसल की स्थिति क्या है। मगर इस बार यह काम शिक्षकों के हवाले कर दिया गया है।

संकुल समन्वयक, जो सामान्यतः स्कूल शिक्षा और उच्च कार्यालय के बीच की कड़ी माने जाते हैं, अब खेतों में कीचड़ के बीच फसलों की स्थिति का आंकलन कर रहे हैं। विरोधाभास यह है कि राज्य शासन द्वारा 2025 को शिक्षा गुणवत्ता वर्ष घोषित किया गया है, जिसका उद्देश्य स्कूलों में शिक्षण स्तर को सुदृढ़ करना है। शासन के ही आदेशानुसार हर संकुल समन्वयक को सप्ताह में कम से कम चार दिन स्कूलों में शिक्षण कार्य करना अनिवार्य है, ताकि वे शैक्षणिक गुणवत्ता पर निगरानी रख सकें लेकिन अब वही शिक्षक पटवारी की भूमिका निभा रहे हैं, जिससे न केवल उनका मूल कार्य प्रभावित हो रहा है, बल्कि बच्चों की पढ़ाई भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों को खेतों में कीचड़ और धूप के बीच गिरदावरी करते देख लोग चकित हैं। शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के बजाय शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों में झोंकना शासन की नीतिगत विसंगति को उजागर करता है। जरूरत है कि शिक्षकों को उनके मूल कार्य शिक्षण में वापस लौटाया जाए ताकि गुणवत्ता वर्ष का उद्देश्य सार्थक हो सके। बताया जाता है कि यह स्थिति सिर्फ पंडरिया विकास खण्ड भर की नहीं है बल्कि जिले के सभी विकासखण्डों के संकुल समन्वयकों की ड्युटी इस समय खेतों में गिरदावरी रिपोर्ट तैयार करने के लिए लगाई गई है।



### स्कूल छोड़ शिक्षक खेतों में, लोगों के बीच चर्चा

ऐसे में सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या राजस्व विभाग में अमले की कमी है या फिर विभाग अपने पटवारियों पर भरोसा नहीं जता पा रहा है। फिर सवाल यह भी उठ रहा है कि प्रायः शासन के हर तरह के फैसलों का विरोध व आपत्ति करने वाले शिक्षकों द्वारा शासन के इस फैसले का कोई विरोध नही किया जा रहा है और वे बड़ी सहजता से विभाग द्वारा सौंपे गए गिरदावरी कार्य कार्य को पूर्ण करने में जुटे हुए हैं। अब इसकी मूल वजह क्या है यह तो शिक्षक ही जाने लेकिन शिक्षकों को गिरदावरी कार्य करते हुए देख ग्रामीणों में चर्चा जरूर हो रही है।

### शासन के आदेश के तहत इ्युटी

गिरदावरी कार्य के लिए संकुल समन्वयकों की ड्युटी लगाए जाने से स्कूलों का शैक्षणिक कार्य तो प्रभावित हो रहा है संकुल समन्वयकों की ड्युटी शासन के आदेश के तहत लगाई गई है।

**एफआर वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी कबीरधाम**

# पटाखा दुकानों में आग से सुरक्षा के लिए जारी की गई एडवायजरी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

दीपावली पर्व के मद्देनजर जिले में संचालित समस्त स्थायी एवं अस्थायी पटाखा दुकानों में आग से बचाव एवं जनसुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नगर सेना अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएँ तथा एसडीआरएफ मुख्यालय रायपुर द्वारा विस्तृत एडवायजरी जारी की गई है। एडवायजरी में अग्नि सुरक्षा से संबंधित सभी मानकों के पालन पर विशेष जोर दिया गया है। जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी, नगर सेना ने बताया कि सभी पटाखा दुकानें अज्वलनशील सामग्री, जैसे टिन शेड इत्यादि से निर्मित होनी चाहिए। किसी भी दुकान का निर्माण कपड़ा, बांस, रस्सी या टेंट जैसी ज्वलनशील वस्तुओं से नहीं किया जाना चाहिए। दुकानों के बीच न्यूनतम तीन मीटर की दूरी बनाए रखना अनिवार्य है तथा एक दुकान के ठीक सामने दूसरी दुकान नहीं लगाई जाए। उन्होंने बताया कि प्रकाश व्यवस्था के लिए तेल का लैंप, गैस लैम्प या खुली बिजली बत्ती का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। किसी भी पटाखा दुकान के 50 मीटर के दायरे में आतिशबाजी का प्रदर्शन नहीं किया जा सकेगा। विद्युत तारों में खुले ज्वाइंट नहीं होने चाहिए तथा प्रत्येक मास्टर स्विच में फ्यूज या सर्किट ब्रेकर का उपयोग आवश्यक है, ताकि शॉर्ट सर्किट की स्थिति में विद्युत प्रवाह स्वतः बंद हो सके। जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी, नगर सेना ने बताया कि दुकानें ट्रांसफार्मर के समीप या हाई टेंशन पावर लाइन के नीचे नहीं लगाई जाएँगी। प्रत्येक दुकान में कम से कम 5 किलोग्राम क्षमता का डीसीपी अग्निशामक यंत्र होना अनिवार्य है, जिसकी मारक क्षमता छह फीट होती है। साथ ही दुकानों के सामने 200 लीटर क्षमता के पानी से भरे ड्रम एवं बाल्टियों की व्यवस्था की जानी चाहिए। दुकानों के सामने किसी भी प्रकार के वाहन, विशेषकर बाइक या कार की पार्किंग प्रतिबंधित रहेगी। अग्निशमन विभाग एवं एम्बुलेंस के आपातकालीन फोन नंबर दुकान परिसर में स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किए जाएँ तथा अग्निशमन वाहनों के आवागमन हेतु पर्याप्त स्थान सुनिश्चित किया जाए। जिला प्रशासन ने समस्त पटाखा विक्रेताओं से अपील की है कि वे जारी दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन करें, ताकि दीपावली पर्व सभी के लिए सुरक्षित और आनंदमय बन सके। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर छत्तीसगढ़ अग्निशमन एवं आपातकालीन नियामावली 2021 के अंतर्गत आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### टीचर्स एसोसिएशन का कलेक्टर को ज्ञापन आज

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि 15 अक्टूबर को अपरान्ह 4.15 बजे कलेक्टर के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, मुख्य सचिव, शिक्षा सचिव व लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक के नाम शिक्षकों के चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा जाएगा। चार सूत्रीय मांगों में टेट की अनिवार्यता को समाप्त करने हेतु सुप्रीम कोर्ट में हस्तक्षेप पुनर्विचार याचिका दायर करने, पंचायत की सेवा अवधि की गणना कर पुरानी पेंशन देने, 20 वर्ष की अर्हकारी सेवा पर पूर्ण पेंशन देने, हाई कोर्ट के निर्णय अनुसार क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान का जनरल आर्डर जारी करना शामिल है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, हेमलता शर्मा, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा आदि ने जिले के समस्त शिक्षकों से कलेक्टर कार्यालय कवर्धा में समय पर उपस्थिति का आव्हान है।


### स्कूलों में दीपावली अवकाश 20 से 25 तक

**कवर्धा।** कवर्धा स्कूल शिक्षा विभाग ने स्कूलों में अवकाश की घोषणा कर दी है। दीपावली अवकाश 20 से 25 अक्टूबर तक रहेगा। शीतकालीन अवकाश 22 दिसंबर से 27 दिसंबर तक रहेगा। इसमें भी विद्यार्थियों को 6 दिन का अवकाश मिलेगा। ग्रीष्मकालीन अवकाश एक मई से 15 जून 2026 तक रहेगा, जो कुल 46 दिन का होगा। इस प्रकार विद्यार्थियों व शिक्षकों को पूरे शैक्षणिक सत्र में कुल 64 दिन का अवकाश मिलेगा।

# ब्रेक फेल होने से आलू से भरा ट्रक पलटा, चालक ने कूदकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले से होकर गुजरने वाले पंडरिया-बजाग मार्ग में मंगलवार की दोपहर फिर एक सड़क हादसा सामने आया है। जिसमें आलू से भरा एक ट्रक दुर्घटना का शिकार हो गया। हालांकि इस सड़क दुर्घटना में किसी के हताहत होने की खबर सामने नहीं आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर करीब 3.30 बजे ट्रक क्रमांक एमपी 7 जेडएम-3892 का अज्ञात चालक जबलपुर से आलू भरकर बजाग-पंडरिया मार्ग से होते हुए आ रहा था। बताया जाता है कि इसी दौरान मार्ग में ग्राम आगरपानी के पास अचानक ट्रक का ब्रेक फेल हो गया और तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क में पलट गया। हालांकि ट्रक चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए ट्रक के पलटने से पहले ही कूदकर अपने आपको सुरक्षित कर लिया। अभी तक इस सड़क दुर्घटना के संबंध में पुलिसिया कार्यवाही की जानकारी नहीं मिल पाई है।



## एड्स जागरूकता पर कार्यक्रम आयोजित...



**कवर्धा।** शासकीय आईटीआई कवर्धा में 13 अक्टूबर 2025 को जिला एड्स नियंत्रण समिति के द्वारा एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षणार्थियों में एचआईवी, एड्स जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाना और इसके रोकथाम संबंधी जानकारी प्रदान करना था। स्वास्थ्य विभाग के आईसीटीसी के कर्मचारियों द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को एचआईवी, एड्स के संक्रमण के कारण, लक्षण, बचाव के उपाय और इससे जुड़ी सामाजिक भ्रांतियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इससे समाज में सकारात्मक सोच और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का माहौल बनेगा।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश की तिथि बढ़ाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय ने 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं एवं 11 वीं में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन की तिथि बढ़ा दी है। जिले के इच्छुक और पात्र विद्यार्थी अब आगामी 21 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

पहले आवेदन की अंतिम तिथि 07 अक्टूबर थी जिसे बढ़ाकर 21 अक्टूबर कर दिया गया है। प्रवेश के लिए परीक्षा की तिथि भी घोषित कर दी गयी है। प्रवेश परीक्षा 7 फरवरी 2026 को आयोजित की जायेगी। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य एनके लांजेवार ने बताया कि कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए विद्यार्थी को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना चाहिए एवं शैक्षणिक सत्र 2025-26 के दौरान कबीरधाम जिले के किसी सरकारी और गैर-सरकारी मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 8वीं में अध्ययनरत हो।

विद्यार्थी की जन्म तिथि 1 मई 2011 से 31 जुलाई 2013 (दोनों तिथियां शामिल) के बीच होनी चाहिए। इसी प्रकार कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए विद्यार्थी को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना चाहिए एवं शैक्षणिक सत्र 2025-26 के दौरान कबीरधाम जिले के किसी सरकारी और गैर-सरकारी मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 10 वीं में अध्ययनरत हो। विद्यार्थी की जन्म तिथि 1 जून 2009 से 31 जुलाई 2011 (दोनों तिथियां शामिल) के बीच होनी चाहिए। इच्छुक विद्यार्थी संबंधित कक्षा के लिए नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते है।

# देव पंचांग के अनुसार मनाया जाएगा पांच दिवसीय भव्य दीपोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭पाण्डातराई

स्थानीय विद्वत परिषद की हालिया बैठक में धर्म, संस्कृति और जीवन मूल्यों की रक्षा के उद्देश्य से इस वर्ष दीप पर्व के पांच दिवसीय आयोजन को पारंपरिक रूप से संपन्न करने का निर्णय लिया गया है। परिषद ने स्पष्ट किया कि पर्व तिथियों का निर्धारण देव पंचांग की उदया तिथि के अनुसार किया गया है, जिससे सभी उत्सव शास्त्रोक्त समय पर संपन्न हों। देव पंचाग के अनुसार 18 अक्टूबर शनिवार को धनतेरस में मां लक्ष्मी और भगवान धन्वंतरि का पूजन, दीप सजावट और शुभ क्रय किया जाएगा। 20 अक्टूबर सोमवार नरक चौदस में प्रातः अभ्यंग स्नान, पाप नाश और स्वास्थ्य की मंगलकामना की जाएगी। 21 अक्टूबर मंगलवार को महान दीपावली शुभ मुहूर्त में लक्ष्मी पूजन, दीपोत्सव और सांस्कृतिक समारोह का आयोजन होगा। 22 अक्टूबर बुधवार गोवर्धन पूजा के तहत अन्नकूट महोत्सव, गौ पूजन और भक्तिमय कार्यक्रम तथा 23 अक्टूबर गुरुवार भाई दूज में भाई-बहन के स्नेह का पर्व मनाया जाएगा। परिषद ने नगरवासियों से अपील की है कि वे इस पांच दिवसीय देव परंपरा के उत्सव में सक्रिय सहभागिता करें, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का ध्यान रखते हुए दीप पर्व को आनंदपूर्वक मनाएं। नगर में प्रतिदिन भजन संध्या, दीप श्रृंगार प्रतियोगिता और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित होंगी।



## मनरेगा अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में पर्याप्त श्रममुखी कार्य प्रारंभ रहेः सीईओ अजय त्रिपाठी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले की सभी ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) अंतर्गत अधिक से अधिक मजदूरीमुखी कार्य प्रारंभ कर ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश जिला पंचायत सीईओं अजय कुमार त्रिपाठी द्वारा दिए गए हैं। सीईओ श्री त्रिपाठी ने मनरेगा योजना की समीक्षा बैठक में अधिकारियों से कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में अभी तक मजदूरीमुखी कार्य प्रारंभ नहीं हुए हैं, वहां 15 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से नए कार्य स्वीकृत कराकर प्रारंभ किए जाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों में मजदूरीमुखी कार्यों के साथ-साथ स्थायी परिसंपत्तियों के निर्माण पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। समीक्षा के दौरान कुछ पंचायतों में लक्ष्य के विरुद्ध मानव दिवस सृजन कम पाए जाने पर संबंधित तकनीकी सहायकों को फटकार लगाते हुए कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी ने कहा कि सामग्रीमुखी कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित तकनीकी सहायकों एवं जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशानुसार आगामी वर्ष हेतु युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से निर्माण कार्यों के प्रस्ताव ग्राम पंचायतों द्वारा भेजे जा रहे हैं।

श्री योग वेदांत सेवा समिति कवर्धा के तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन

# सैकड़ों गरीब परिवारों को बांटी गई दैनिक उपयोगी सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा।

श्री योग वेदांत सेवा समिति कवर्धा के तत्वावधान में आज तरेगांव जंगल के सुदूर अंचलों में निवासरत ग्राम जामपानी, पदरीपानी, गभोड़ा में दीपावली पर्व के निमित्त सेवा एवं सद्भावना का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों गरीब आदिवासी एवं दरिद्र नारायण परिवारों को दैनिक जीवन में उपयोग होने वाली आवश्यक सामग्रियों में खाद्य सामग्री, वस्त्र, कंबल, तेल, साबुन, दीपक, बत्ती, साड़ी, शर्ट, कैलेंडर, चप्पल, मिठाई इत्यादि समाग्री वितरित किया गया। इस अवसर पर युवा सेवा संघ के अध्यक्ष उदय राजपूत ने बताया कि पूज्य संत आसाराम बापू के पावन प्रेरणा से देश-विदेश में स्थित 450 आश्रमों एवं 1250 समितियों द्वारा प्रत्येक वर्ष दीपावली जैसे पावन पर्वों एवं सर्दियों के मौसम में गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए सेवा एवं भंडारा कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी कड़ी में आज कवर्धा समिति के द्वारा भंडारा का कार्यक्रम संपन्न हुआ एवं विगत 8-10 वर्षों से यह कार्यक्रम संपन्न होते आया है। समाज के जरूरतमंद वर्ग की सहायता करना ही सच्चे अर्थों में सेवा परमो धर्मः का पालन है यही समिति का ध्येय वाक्य है। इस कार्यक्रम में बोड़ला लोहारा, पंडरिया, लोरमी, उपसमितियों से जुड़े पदाधिकारी एवं सेवाधारी भाई-बहन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इनमें कपूर चंद्र ठाकरे जी, गणेश साहू, लूतन सिन्हा, सुनीता रघुवंशी, सुनीता पंसारी अंशुल श्रीवास्तव, कांति साहू, पिंकू रजक, भगत साहू, सुभाष साहू, हेमकुमार साहू आकाश तोकेश्वर एवं कौशल साहू सहित सैकड़ों सेवाधारी एवं साधक परिवारों के सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में बोड़ला लोहारा, पंडरिया, लोरमी, उपसमितियों से जुड़े पदाधिकारी एवं सेवाधारी भाई-बहन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इनमें कपूर चंद्र ठाकरे, गणेश साहू, लूतन सिन्हा, सुनीता रघुवंशी, सुनीता पंसारी अंशुल श्रीवास्तव, कांति साहू, पिंकू रजक, भगत साहू, सुभाष साहू, हेमकुमार साहू आकाश तोकेश्वर एवं कौशल साहू सहित सैकड़ों सेवाधारी एवं साधक परिवारों के सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।



# भाजपा किसान मोर्चा की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

किसानों की समृद्धि और संगठन की मजबूती को केंद्र में रखकर रविवार को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की टिफिन बैठक जिला मुख्यालय में आयोजित की गई। बैठक भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर के निर्देश, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर और भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष भुनेश्वर चंद्राकर ने की। बैठक की शुरुआत सेवा पखवाड़ा के दौरान किए गए कार्यों की समीक्षा से हुई। जिलाध्यक्ष भुनेश्वर चंद्राकर ने कहा कि संगठन की असली ताकत उसके कार्यकर्ताओं की निष्ठा और निरंतरता में है। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष के प्रथम जिला आगमन के सफल आयोजन के लिए पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि कवर्धा ने एक बार फिर संगठनात्मक एकजुटता का परिचय दिया है। बैठक में धान खरीदी की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदेश की विष्णु देव साय सरकार ने 15 नवंबर से शुरू होने वाली धान खरीदी के लिए सभी केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इस वर्ष राज्य सरकार ने 25 लाख किसानों से 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य तय किया है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा किसान मोर्चा यह सुनिश्चित करेगा कि किसानों को खरीद केंद्रों पर किसी भी प्रकार की समस्या न हो। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की किसान हितैषी योजनाओं पर भी बैठक में विस्तृत चर्चा हुई। बताया गया कि पीएम धन-धान्य कृषि योजना के तहत देश के 100 जिलों के पशुपालक और मत्स्यपालन किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। वहीं, दलहन आत्मनिर्भरता योजना को किसानों की आर्थिक मजबूती की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि इन योजनाओं की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाना संगठन की जिम्मेदारी है। बैठक में किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गणेश तिवारी, नरेंद्र मानिकपुरी, जिला कोषाध्यक्ष निर्मल द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष फलित साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश सिंह ठाकुर, सुखदेव धुर्वे, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष संजय मिश्रा, मंडल महामंत्री शंभू देवांगन, रामफल यादव, मुकेश यदु, कृष्ण कुमार वैष्णव और कवल भारती सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने अपने विचार साझा किए और संगठन की दिशा को मजबूत करने पर बल दिया। समापन सत्र में जिलाध्यक्ष भुनेश्वर चंद्राकर ने कहा कि भाजपा किसान मोर्चा अब केवल राजनीतिक मंच नहीं, बल्कि किसानों की आवाज को नीति-निर्माण तक पहुंचाने वाला सशक्त संगठन बन चुका है।

### वार्डों में होगा विद्युत व्यवस्था दुरूस्तीकरण

# दीपावली से पहले शहर में लगेगी ढाई सौ से अधिक एलईडी लाईट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

## पर्व से पहले रौशन होंगे शहर के वार्ड

वार्डों के कई क्षेत्रों में व्याप्त अंधेरा को ध्यान में रखकर अंधेरा एवं दुर्घटनाजन्य क्षेत्र जहां पर लाईट नहीं लगी थी। जिससे नागरिकों को रात में आने-जाने के साथ-साथ सुरक्षा की दृष्टि से भी परेशानी होती थी तथा विद्युत पोलो की बंद लाईटे नगर निगम द्वारा नए लाईट लगाने तथा बदलने की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही लाईटो का मरम्मत भी किया जा रहा है। इस प्रकार नगर निगम नागरिकों को उनकी सुरक्षा को दृष्टिगत रख दीपवली पर्व पर रोशनी का उपहार दे रही है। महापौर मधुसूदन यादव एवं नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा की पहल पर दीपावली के पूर्व वार्डों की खराब लाईटे एवं नगर निगम सीमाक्षेत्र के अंधेरा क्षेत्र जहां पर लाईट नहीं लगी थी, इसके अलावा दुर्घटनजन्य क्षेत्र जहां पर लाईट की आवश्यकता थी, वहां लाईट लगाने की कार्रवाई की जा रही है। अब तक 27 वार्डों में 250 से अधिक आवश्यकता अनुसार 45 एवं 60 वॉट के एलईडी लाईट लगाई गई है तथा शेष वार्डों में लगाने की कार्रवाई की जा रही है तथा खराब लाईटे मरम्मत भी की जा रही है। इस संबंध में महापौर यादव एवं आयुक्त विश्वकर्मा ने कहा कि शहर के वार्डों के विद्युत खंबों में वार्डवासियों के लिए आवश्यकतानुसार लाईट लगाई जाती है। समय-समय पर उसे मरम्मत भी किया जाता है।




### पार्षद निधि से लाईट खरीदने की अनुमति

महापौर यादव की पहल पर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा महापौर एवं पार्षद निधि की 25 प्रतिशत राशि से लाईट खरीदने की अनुमति मिल चुकी है। जिसके आधार पर पार्षदों की मांग अनुसार लाईट खरीदने की कार्रवाई की जा रही है। निधि से लाईट खरीदने अनुमति मिल जाने से वार्ड में अंधेरे से छुटकारा मिलेगा। इस दीपावली शहर के सभी क्षेत्रों में लाईट की पर्याप्त व्यवस्था हो, इसकी तैयारी निगम द्वारा की जा रही है।

# आज दोपहर से शहर के भीतर भारी मध्यम वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




स्टेट स्कूल मैदान में मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष एवं अन्य मंत्रीगण का आगमन एवं पार्श्व गायक कैलाश खेर का सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तावित है। कार्यक्रम को देखने शहर एवं आसपास ग्रामीण क्षेत्रों से अत्याधिक संख्या में लोगों के आने की संभावना है। जिसको देखते हुए कार्यक्रम के दौरान शहर के भीतर भारी वाहनों एवं मध्यम वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है।

पुलिस के अनुसार आम जनता को यातायात के संबंध में किसी प्रकार की असुविधा न हो इसे दृष्टिगत रखते हुए सुगम यातायात संचालन हेतु यातायात पुलिस राजनांदगांव द्वारा जारी ट्रैफिक एडवाइजरी के अनुसार 15 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे से उक्त कार्यक्रम के समापन तक शहर के भीतर भारी एवं मध्यम वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। पार्किंग के लिए स्थान निर्धारित। वहीं बालोद की ओर से आने वाले भारी वाहनों को मोहारा बायपास से, खैरागढ़ की ओर से आने वाले भारी वाहनों को गठुला से एवं राष्ट्रीय राजमार्ग-53 से होकर गुजरने वाले भारी वाहनों को ट्रांसपोर्ट नगर एवं सीआईटी बायपास से डायवर्सन कर भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। गेट नंबर 1 बल्देवबाग सबेरा संकेत कार्यालय के सामने स्टेट स्कूल गेट व्हीआईपी पासधारी दर्शको का प्रवेश होगा।

नका पार्किंग सबेरा संकेत कार्यालय के पास एवं महारानी स्कूल मैदान में होगा। गेट नंबर 2 खैरागढ़ रोड से फैमिली पासधारी दर्शकों का प्रवेश रहेगा। इनका पार्किंग दिग्विजय क्लब एवं नगर निगम कार्यालय में रहेगा। गेट नंबर 3 लॉ कॉलेज के बाजू स्टेट स्कूल प्रवेश द्वार से केवल व्हीव्हीआईपी एवं मेम्बर फैमिली पास वाहनों का प्रवेश होगा। इनका पार्किंग स्टेट स्कूल मंच के पीछे रहेगा। गेट नंबर 4 लॉ कॉलेज के बाजू तहसील जाने वाली रोड गोल्डन पासधारी एवं मेम्बर फैमिली पास वाहनों का प्रवेश होगा। इनका पार्किंग स्थल तहसील कार्यालय परिसर रहेगा। इसके अतिरिक्त जनरल पार्किंग हेतु नया बस स्टैण्ड, एबीस पार्किंग बलदेवबाग, फ्लाई ओव्हर के नीचे, महाराणा प्रताप गार्डन नया बस स्टैंड के पास, म्युनिसिपल स्कूल मैदान, पुत्री शाला पार्किंग, म्युनिसिपल स्कूल के पीछे पार्किंग स्थल रहेगा। यहां अपने वाहन पार्किंग कर कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं।

## जिले के खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 09 गोल्ड मेडल एवं 8 सिल्वर मेडल प्राप्त किया



**हरिभूमि कवर्धा।** शालेय 25वी राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल मिनी व सीनियर बालक-बालिका वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन रायगढ़ में 05 से 08 अक्टूबर एवं सॉफ्टबॉल जूनियर बालक-बालिका का प्रतियोगिता 10 से 13 अक्टूबर तक अयोजित किया गया। जिसमे नगर के प्रयास स्पोट्र्स अकेडमी कवर्धा के सोहम सिंह, हिमेश यादव, शुभम सेन, श्रेयांश विभोर, श्रवण राजपूत, सोमेश पाल, आयुष सिंह, निकिता नारंग को 9 खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से गोल्ड मेडल प्राप्त किया। वहीं कावेश देवांगन, शिवम, मेंघेद्र, गुनिस्का जांगड़े, अनन्या चंद्रवंशी, साक्षी, शालिनी, विनीता ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया ये सभी खिलाड़ी रायगढ़ और कवर्धा में आयोजित हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दुर्ग जोन में सम्मिलित होकर अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन से दुर्ग जोन को जितने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। जिसमे रायपुर, बस्तर,सरगुजा और बिलासपुर की टीम को हराकर विजेता रहे। वही अकेडमी के प्रशिक्षक राजा जोशी ने बताया की इन खिलाड़ियों का चयन जुलाई माह में बेमेतरा के जेवरा स्कूल में आयोजित क्षेत्रीय स्तरीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में उनके अच्छे प्रदर्शन के आधार पर हुआ था, जो अकेडमी के लिए गौरव की बात है, अकेडमी के खिलाड़ी प्रत्येक वर्ष अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर चयनित होकर सभी वर्गो में पदक लगाकर प्रदेश व कबीरधाम जिले का नाम रौशन कर रहे है, जिसे इस सत्र में भी पदक लगाकर एक बार फिर से साबित किए है कि कबीरधाम में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नहीं है। जिसपर अकेडमी के खिलाड़ियों का सॉफ्टबॉल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक लगाने के उपलक्ष्य पर अध्यक्ष नगर पालिका चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, गणेश तिवारी अध्यक्ष प्रयास स्पोट्र्स अकेडमी, राजा पियुष टाटिया संस्थापक प्रयास स्पोट्र्स एकेडमी, गजराज सिंह ठाकुर निज सहायक, नरेंद्र मानिकपुरी निज सहायक, पार्षद दीपक सिन्हा, अशोका पब्लिक स्कूल के चेयरमैन पवन देवांगन, दिनेश साहू व्यायाम शिक्षक, अतुल देशालहरा, लोकनाथ देवांगन, श्याम चकोर व समस्त खिलाड़ियों ने बधाई साथ ही उनकी उज्ज्वल भविष्य की मनोकामना की।

## स्वामी करपात्री स्कूल के एनएसएस स्वयंसेवकों ने कबड्डी व रस्साकशी के अभिनव प्रयोग से दिया नशामुक्ति का संदेश



**हरिभूमि कवर्धा।** स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई ने नशाखोरी के विरुद्ध समाज को जन-जागरूक करने के लिए एक अद्वितीय एवं प्रभावी अभियान चलाया। स्वयंसेवकों ने कबड्डी और रस्साकाशी जैसे खेलों को प्रतीकात्मक रूप देकर यह संदेश दिया कि नशे से दूर रहकर ही जीवन की हर बाजी जीती जा सकती है। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डीएस जोशी के निर्देशानुसार और कार्यक्रम अधिकारी वजन राम साहू के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। इस नवाचारी कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने दो टीमें बनाईं। एक टीम ने समाज सेवा और स्वस्थ जीवन का प्रतिनिधित्व किया, जबकि दूसरी टीम में नशाखोरी के विभिन्न रूपों को सांकेतिक नामों से दर्शाया गया जिसमें शराबी शैतान, गुटका गुंडा, गुड़ाखू गुंडी, बीड़ी बदमाश, ड्रग्स डाकू, सिगरेट सनकी और तंबाकू टट्टू। कबड्डी के खेल के दौरान, स्वयंसेवकों ने पारंपरिक कबड्डी कबड्डी के बदले नशा छोड़ो, नशा छोड़ो का नारा लगाकर दांव खेले। इस प्रतीकात्मक खेल में एनएसएस स्वयंसेवकों की टीम ने नशे के प्रतीकों वाली टीम को पराजित किया। इस आयोजन के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि नशे से बचा हुआ कोई भी सामान्य व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से नशे के चंगुल में पड़े व्यक्ति से अधिक तंदुरुस्त और श्रेष्ठ होता है। जीवन की बाजी में, नशेड़ी व्यक्ति उसी तरह मारा जाता है, जैसे कबड्डी में एक कमजोर खिलाड़ी। कार्यक्रम अधिकारी वजन राम साहू ने इस पहल के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, हमने युवाओं को यह स्पष्ट संदेश दिया कि नशा केवल स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि जीवन की हर प्रतिस्पर्धा को कमजोर कर देता है। खेलों को माध्यम बनाकर हमने यह सिद्ध किया कि स्वस्थ जीवन ही असली विजय है। कार्यक्रम में दलनायक युगेश कुर्रे सहित सभी एनएसएस स्वयंसेवक और विद्यालय के स्टाफ सदस्य उपस्थित थें। साथ ही साथ विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।







आदरणीय

# डॉ. रमन सिंह जी

को जन्मदिन की

## हार्दिक बधाई

एवं

## शुभकामनाएं

वो उस काल चक्र में आए थे जब हर दर्द के साए थे
हर दु:ख के पहरे थे घाव सदियों से गहरे थे
जब आँखें सपनों से खाली थी सूनी सूनी होली थी काली हर दिवाली थी
खेतों की किस्मत बंजर थी धन की किल्लत घर घर थी
इस धरती का जो था अन्नदाता ब्याज से घर को चलाता था
अक्षर काँपा करते थे बंदूकों की पनाहों में
प्रश्न चिन्ह थे बिखरे हुए चलती फिरती राहों में
जगमग जगमग लोक नहीं था, घर घर में आलोक नहीं था
घना अभाव था अस्पतालों का जानें जाया करती थीं
खांसी की ठन ठन सुनकर माएं घबराया करती थीं

फिर वो आए –
वो जब आए तो परिवर्तन आया –
मंगल युग प्रारम्भ हुआ खुशियों का आरम्भ हुआ
वो आए तो किस्मत जागी धरती के सूखे खेतों की
कर्ज.के आँसू मुस्कानों के रंगों में फिर ढलने लगे,
दु:ख की बदरी छटने लगी – खुशियों के राग बजने लगे
हाथों में किताबें आई, आँखों में सपने पलने लगे
अक्षर अक्षर ने बंदूकों से लाल समर्पण करवाया
वो आए तो जंगल ने अपने गौरव को फिर मनवाया
दवा के संग संग लौटा भरोसा नव निर्मित अस्पतालों में
छत्तीसगढ़ को जग ने बदलते देखा उनके 15 सालों में
अब सड़कों से उम्मीदों का आना जाना होता हैं
बिजली के तारों में नयी सोच का उजाला होता हैं
घर–घर में अब जीवन की धुनें सुरीली बजती हैं
बेटियों की पीली कलाईयों में सुहाग की चूड़ी खनकती हैं
हर दीवार पर अब रंग है, रौनक है, हर दिल में अब भरोसे की दस्तक है।
कभी डर था, अब हैं विश्वास वहां, जहाँ अंधेरा था, अब हैं उजास वहां
अब हर एक पल छत्तीसगढ़ में शुभ मंगल है,
अब छत्तीसगढ़ मुस्कुराता है – ये उनका ही तो संबल है।






# सौमित्र सोनी

## पूर्व प्रदेश युवा मोर्चा सदस्य भाजपा


पूर्व मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, राजनांदगाँव के लाडले विधायक आदरणीय
डॉ. रमन सिंह जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई...
विनीत - भाजपा पार्षद दल नगर पालिक निगम, राजनांदगांव (छ.ग.)


पूर्व मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, राजनांदगाँव के लाडले विधायक आदरणीय
डॉ. रमन सिंह जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई...
विनीत : जिला भारतीय जनता पार्टी, राजनांदगांव (छ.ग.)